CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

मुरादाबाद, रविवार 7 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 23 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 रबीउलअव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अशोक सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी पेज 2



पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा खेल टाइम्स



भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन: जिनपिंग पेज 11



फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड

## ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी, खतरे का निशान हुआ पार

आगरा, वार्ता

■ हथिनीकुंड बैराज से ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा

**आगरा में** ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया था। इससे बाइक-कार डूब गईं। भारी बारिश के बीच हथिनीकुंड बैराज से शुक्रवार को ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ दिया गया।

यही नहीं, गोकुल बैराज से शुक्रवार शाम सात बजे 1.22 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना में बाढ़ के हालात बन गए हैं। चेतावनी बिंदु के 3.3 फीट ऊपर (498.3 फीट) बह रही यमुना शनिवार को बाढ़ के स्तर 499 फीट के आंकड़े को पार कर सकती है। बाढ़ के हालात के बीच जिला प्रशासन ने सदर तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले ठार आश्रम के मेहरा नाहरगंज के 40 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। जलस्तर और बढ़ने पर



पांच हजार परिवार चपेट में आ सकते हैं। सिंचाई विभाग के अनुसार यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में झोपड़ी-खेत खलिहान डूब चुके हैं। शहर का नगला बूढ़ी, अमर विहार दयालबाग, मोतीमहल, कटरा वजीर खां, रामबाग बस्ती का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकता है। वहीं, ग्राम तनौरा, नूरपुर, मेहरा नाहगंज, विसारना, कैलाश, स्वामी बाग, फतेहाबाद तहसील में ग्राम-भरापुर, बमरौली, इंदौन, मडायना, मेलीकला, गुडा, मेवली खुर्द, हिमायूपुर, बुर्ज, नगला छीतर सिंह, मेहरा नाहरगंज, महल बादशाही, नगला तल्फी, नगल पैमा, तहसील फतेहाबाद में शाहिदपुर, वीरपुरा, बेहड़, पारौली सिकरवार, बिचौला, गिदौन, तहसील एत्मादपुर में नगला धीमर, बढ़नुपरा, रहनकलां, नगला कटा प्रभावित हो सकते हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में नाले बैक मार रहे हैं। टैपिंग की वजह से भी नालों का पानी पीछे आ रहा है। ऐसे में बारिश के बाद अब उफनाई यमुना की दोहरी मार से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ना तय माना जा रहा है।

## राशिद इंजीनियर पर तिहाड़ में हमला

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद राशिद इंजीनियर पर दिल्ली की तिहाड़ जेल में हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर एक ट्रांसजेंडर ने हमला तब किया जब वे अपनी बैरक में थे।

जेल अधिकारियों ने बताया कि राशिद को मामूली चोटें आईं। वे सुरक्षित हैं। उधर, राशिद की पार्टी अवामी इत्तेहाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये राशिद को जेल के अंदर मारने की साजिश है। एक पैटर्न के तहत जेल के अंदर कश्मीरी कैदियों पर हमला हो रहा है। इससे पहले भी कई कश्मीरियों पर जेल के अंदर हमला हुआ।



■ पुलिस ने बताया किन्नरों से झड़प हुई, पार्टी ने कहा- हत्या की साजिश

## मोदी ब्रिक्स के वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितम्बर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका के लगाए गए टैरिफ से निपटने के तरीकों और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा। ब्राजील इसे अमेरिका विरोधी शिखर सम्मेलन के रूप में पेश नहीं कर रहा है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोदी का न शामिल होना यह दिखाता है कि भारत 2026 ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता से पहले सावधानी बरत रहा है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितम्बर को पीएम आवास पर होने वाला एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पश्चिमी रेंज-1की टीम द्वारा चलाए गए अभियान में एक अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल छह तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 5.737 किलो गांजा (जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला अंतर्राष्ट्रीय ओजी गांजा शामिल है), तीन कारें और दो पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। यह नेटवर्क थाईलैंड से दिल्ली-एनसीआर तक सक्रिय था।

## एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लालकिले के पीछे चल रहे एक कार्यक्रम में रखा गया करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया। यह कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ, जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## हैदराबाद बालापुर गणेश लड्डू 35 लाख रुपये में नीलाम

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मशहूर 'बालापुर गणेश लड्डू' की नीलामी पिछले 31 सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 35 लाख रुपये में हुई है।

# मोदी मैजिक: 12 घंटे में ट्रम्प पलटे

# 'महान दोस्त' कहकर चौंकाया

### बोले- भारत के साथ रिश्ते अहम, रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी भी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताए जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है।

श्री ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने पहले दिए गए बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रम्प ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।



■ मोदी की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया
■ कहा: वह ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं

### मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति से बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय- वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

■ द्विपक्षीय सहयोग से यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर मंथन

## उत्तराखंड में फिर फटा बादल

### उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों व दुकानों में घुसा पानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

लोगों ने खाली किए घर

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है।

एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्चर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गई है। खतरे को देखते हुए कई लोगों ने अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इससे पहले खबर आ रही थी कि नौगांव के बीच बहने वाला नाला अतिवृष्टि के कारण उफान पर आया है। जिसके कारण कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं सड़क पर खड़े कई दोपहिया वाहन बह गए। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप -शेष पृष्ठ दो पर



## दिल्ली के कई इलाकों में भरा पानी

■ यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही, मथुरा में कालोनियां डूबीं
■ पांच दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितम्बर के बीच यात्रा रोक दी थी। शनिवार से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, छह की मौत

■ मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर व मजदूर शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर जानकारी साझा की।

## इंडिगो की अबू धाबी फ्लाइट में आई खराबी, वापस लौटी

**कोच्चि/नई दिल्ली।** इंडिगो का कोच्चि से अबू धाबी जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस कोच्चि लौट आया।

इंडिगो ने एक बयान में बताया कि उड़ान संख्या 6ई 1403 ने छह सितम्बर को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए उड़ान भरी थी। रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए विमान को वापस कोच्चि की तरफ मोड़ दिया। कोच्चि हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान को जरूरी जांच के लिए उड़ान भरने से रोक दिया गया है। यात्रियों को दूसरे विमान से अबू धाबी भेजा गया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है और सुरक्षा के प्रति एयरलाइंस की प्रतिबद्धता दर्शाई है।


## उपलब्धि: केरल ने शिशु मृत्यु दर में अमेरिका को पछाड़ा

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

■ अमेरिका के 5-6 के मुकाबले 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई

**केरल ने शिशु** मृत्यु दर (आईएमआर) को अमेरिका से भी नीचे लाकर इतिहास रच दिया है और बाल स्वास्थ्य के मामले में विकसित देशों के मानकों को हासिल किया है।

नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार आईएमआर 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई, जबकि भारत का राष्ट्रीय औसत 25 है। वहीं, अमेरिका में वर्तमान आईएमआर प्रति 1000 शिशुओं पर मृत्यु 5-6 है। इसके साथ ही केरल भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी विकसित देश की तुलना में कम आईएमआर दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस उपलब्धि का श्रेय डाक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों के अथक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि केरल की नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) भी प्रति हजार पर चार से नीचे आ गई है, जबकि इसका राष्ट्रीय औसत 18 है। उन्होंने कहा कि 2021 में, केरल की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) छह थी, जो अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित पहलों के माध्यम से घटकर पांच हो गई है। यह केरल की मज़बूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक और मील का पत्थर है। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य ने प्रसव अस्पतालों में सुविधाओं को उन्नत करके मातृ एवं शिशु देखभाल को प्राथमिकता दी है। सोलह अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन प्राप्त हुआ है और छह अन्य ने मुस्कान मान्यता प्राप्त की है।



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# दो पक्षों के विवाद में वृद्ध की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** गांव गड़ीकपुरा में पूरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुये विवाद में एक 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वृद्ध की मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया।

## ग्राम में दहशत का माहौल

सूचना पर क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के भाई ने गांव निवासी पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी पक्ष घरों में ताला लगाकर गांव से फरार हो गये हैं। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। गांव में दहशत का माहौल है।

शनिवार को क्षेत्र के गांव



गडीकपूरा में सुबह लगभग सात बजे नरेश सिंह पुत्र रणधीर सिंह आयु 65 वर्ष अपने खेत पर जा रहा था। जब वह गांव से 200 मीटर दूरी पर पहुंचा, तो विरोधी गुट के गांव निवासी गजेन्द्र व नरेन्द्र पुत्र शौ सिंह, कन्हैया पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी गड़ीकपुरा व उसके रिश्तेदार नितिन पुत्र नौभार निवासी गांव पित्तनहेड़ी एंव रचित गांव पायदापुर ने सुनियोजित तरीके से हमला कर दिया। मारपीट का शोर सुनकर मेरे भाई धर्मपाल सिंह बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी नरेश सिंह को मृत अवस्था तक मारते पीटते रहे और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल नरेश कुमार को किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां से बिजनौर रैफर किया गया। बिजनौर जिला चिकित्सालय में नरेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक नरेश सिंह के भाई रोहताश सिंह ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों को जल्दी पकड़ लिया जायेगा।

# गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया




**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद में शिक्षक दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रबंधक सरदार गुरविंदर सिंह, उप प्रबंधक तवलीन कौर और प्रधानाचार्य शेखर सिंह, कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने डा. कृष्णन की प्रतिमा को माल्यार्पण किया। भारत में शिक्षकों के सम्मान में एक खास दिन समर्पित है। इस दिन को पहली बार भारत के दूसरे राष्ट्रपति के साथ ही एक महान शिक्षक दार्शनिक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया गया था। तबसे लेकर लगातार यह परंपरा जारी है। इस परंपरा की शुरुआत डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कारण हुई। जिन्होंने ये दिन मनाने का आग्रह किया। इसका भी एक खास कारण है। भारत में शिक्षक दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षकों के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है। डा. राधा कृष्णन की विनम्रता ने इस दिन को सभी शिक्षकों के लिए समर्पित कर दिया और यह हमें हर साल याद दिलाता है कि समाज की नींव मजबूत करने में शिक्षक सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षकों के लिए अनेक कविताएं और कई प्रस्तुतियां दी। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए कुछ गेम्स भी रखे गए। स्कूल प्रबंधक सरदार गुरविंदर सिंह और प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी। सभी शिक्षकों को पुरस्कार से सम्मानित किया और उनके कार्य की प्रशंसा भी की। अंत में स्कूल मैनेजमेंट की तरफ से स्टाफ के लिए आहार रेस्टोरेंट में प्रीतिभोज की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर निगारिश जमाल, पूनम, शिवांगी, सीमा, इति, आफिया, शिवानी, सत्यम, ओमानन्द, अनुज, अजीम, मुकुल, विनीत, गौरव, शिखा, पूनम आदि मौजूद रहें।

## एक नजर

### मुर्गी फार्म जलकर राख





**अफजलगढ़।** अज्ञात कारणों से मुर्गी फार्म में लगी भीषण आग पालन के लिए आया मुर्गी बच्चा सहित पूरा फॉर्म जलकर हुआ राख, फार्म स्वामी को हुआ लाखों का नुकसान पीड़ित ने प्रशासन से की मुआवजा की मांग। थाना क्षेत्र के गांव अभयराजपुर निवासी शहजाद हुसैन गांव से बाहर खेतों में लगभग छह वर्षों से मुर्गी फार्म चलता आ रहा हैं जिसमें वह मुर्गी बच्चा का पालन करता है मौजूदा समय में भी लगभग 1900 मुर्गी बच्चा पालन के लिए डाला हुआ था। शनिवार को दोपहर शहजादा घर पर खाना खाने गया हुआ था कि उसके खेत के पड़ोसी ने फोन कर के बताया कि उसके मुर्गी फार्म में आग लग गई है सूचना मिलते ही तुरंत मुर्गी फार्म स्वामी अपने फार्म पर पहुंचा परंतु तब तक पूरा फॉर्म जल कर राख हो गया। बीते वर्ष 5 अगस्त को भारी वर्षा के चलते पानी आ जाने के कारण भी उसके मुर्गी फार्म में काफी नुकसान हुआ था। मुर्गी फार्म स्वामी शहजाद हुसैन ने बताया कि इस बार उसको 7 से 8 लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है उसने प्रशासन से जांच कर मुआवजा देने की मांग की है।

### हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद उल मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस



**स्योहारा।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मौहम्मद मुस्तफा के यौमे विलादत ईद उल-मिलादुन्नबी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में परंपरागत जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़े ही अकीदतमंदाना और परंपरागत अंदाज में निकाला गया। जुलूस की शुरुआत मिल चौराहा से हुई। जो गुड़ मंडी, पीर का बाजार, शिवाजी मार्केट, मौहल्ला मिलकियान, नवादा चुंगी, नगर पालिका परिषद फव्वारा चौक, थाना चौराहा और उस्मान अली खान चौराहा होते हुए पुन: मिल चौराहे पर समाप्त हुआ। यहां फातिहा पढ़ी गई। तबर्रुक तकसीम किया गया और नगर व मुल्क की तरक्की तथा अमन-चैन की दुआ मांगी गई। जुलूस-ए-मोहम्मदी की सरपरस्ती सैयद महबूब हुसैन ने की नगर में विभिन्न स्थानों पर गणमान्य व्यक्तियों एवं संगठनों ने कैंप लगाकर जुलूस का इस्तकबाल किया। कमेटी की ओर से एडवोकेट कमरुज्जमा, शकील अहमद, सलीम एडवोकेट, हाजी परवेज सैयद, दानिश हुसैन, तौकीर अहमद, सैयद मौहम्मद रऊफ और डॉ. रिहान ने स्वागत करने वालों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं मौहल्ला मिलकियान में शब्बीर बिल्डिंग पर सभासद खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में प्रेस क्लब स्योहारा अध्यक्ष रियाज उर्फ प्रिंस, जमाल, शाहनवाज, खुर्शीद मौहम्मद, नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी, ईओ बिजेंद्र सिंह पाल, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह आदि ने जुलूस का स्वागत किया। थाना चौराहे पर रिटायर्ड सीओ इकबालुज्जमा, अकरम अल्वी, मौहम्मद सिकंदर। जबकि अल्फा होटल के निकट पूर्व विधायक नईमुलहसन, नजीबुल हसन, डॉ. कफील चौधरी, लदान लारा, महसूस सागर, यूसुफ चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अख्तर जलील के पुत्र इमरान अख्तर उर्फ सनी ने भी जुलूस का स्वागत किया, तो वहीं कमेटी की ओर से उन्हें भी पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। शमशाद एडवोकेट को भी पगड़ी बांधी गई। कई हस्तियों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी का इस्तकबाल किया। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार राजकमल, अनिल कुमार पटवारी, एसएसआई सुरजीत सिंह, एसआई यशदेव शर्मा, एसआई राजेश कुमार, एसआई हरिओम गौतम, एसआई प्रदीप कुमार, एसआई असगर खान का बृजपाल सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, चालक सतेंद्र कुमार और प्रभात सहित पूरी पुलिस टीम तैनात रही। कमेटी ने इस अवसर पर कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी का असली मकसद न सिर्फ जश्न मनाना है। बल्कि मोहब्बत भाईचारे और अमन-ओ-सलामती का पैगाम पूरे नगर और समाज तक पहुंचाना है। हम सब चाहते हैं कि हमारी गंगा-जमुनी तहजीब हमेशा कायम रहे और नगर में शांति आपसी भाईचारा और इत्तेहाद मजबूत बने।

# विधि-विधान से ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान श्री गणेश का हुआ भव्य विसर्जन



**स्योहारा।** भगवान श्री गणेश का मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम शनिवार को बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। तत्पश्चात भक्तों द्वारा भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा और क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र प्रियंका राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों का तिलक कर स्वागत किया गया। जिसके बाद विधिवत विसर्जन यात्रा प्रारंभ हुई। विसर्जन यात्रा शिवाजी मार्केट से प्रारंभ होकर सोमवार का बाजार ठाकुर मंदिर रियासत संतोषी माता मंदिर और मौहल्ला भजरिया सराय होते हुए रामगंगा बेलखेड़ा घाट पहुंची। यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश जी की मूर्तियों का विधि विधान से जल में विसर्जन किया। शिवाजी मार्केट स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मुकेश कुमार रस्तोगी के नेतृत्व में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। वहीं भगवान शिव की प्रतिमा पर मनोज छाबड़ा और पंकज छाबड़ा, वहीं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र युवा भाजपा नेता अमित कुमार वर्मा व अन्य तमाम लोगों के द्वारा पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा को आगे बढ़ाया गया। नगर में लगभग 100 स्थानों पर स्थापित गणेश मूर्तियों का विसर्जन सुबह 9 बजे से ही शुरू हो गया था। कई श्रद्धालु अपनी मूर्तियां सीधे रामगंगा लेकर पहुंचे और वहां विधिवत विसर्जन करने के बाद शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। रामगंगा घाट पर पहली बार बैरिकेडिंग की गई थी। ताकि कोई श्रद्धालु गहरे पानी में न उतर सके। मूर्तियों के विसर्जन के लिए विशेष कर्मियों की तैनाती की गई थी। वहीं गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई। स्योहारा से रामगंगा मार्ग तक कई स्थानों पर भंडारे आयोजित हुए। यात्रा के दौरान जगह जगह बड़े-बड़े डीजे और विशाल मूर्तियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। श्रद्धालु नाचते गाते रामगंगा की ओर बढ़े और उत्सव का उल्लास देखते ही बनता था। इस कार्यक्रम पर शुरुआत में ही नगर के तमाम लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित भी किया गया। इसमें वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर मनोज वर्मा, भाजपा नेता डॉ. विनोद देवरा, मुकेश रस्तौगी व अन्य लोगों को सम्मानित किया गया है। इस पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह व पुलिस कर्मचारियों द्वारा पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## श्री गणेश का मूर्ति विसर्जन मार्ग बदलने का किया गया था प्रयास

स्योहारा सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि इस वर्ष विसर्जन यात्रा का मार्ग बदलने का प्रयास किया गया था। प्रस्तावित मार्ग आरएसपी इंटर कॉलेज से होकर धामपुर-मुरादाबाद मार्ग होते हुए फव्वारा चौक और वहां से ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित रामगंगा पुल तक तय किया गया था, लेकिन इस परिवर्तन का कड़ा विरोध हुआ। जानकारी के अनुसार प्रशासन ने इस मुद्दे पर रिपोर्ट शासन को भी भेजी थी। विरोध के चलते अंतत विसर्जन यात्रा पुराने मार्ग से ही निकाली गई।

# नगीना में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल, नगीना में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय ढंग से किया गया।

इस अवसर पर स्कूल परिसर रंग-बिरंगी सजावटों और उत्साहपूर्ण माहौल से गूंज उठा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के अथक प्रयासों और समर्पण को सम्मानित करना था, जिन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पार्पण के साथ हुई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री शूजाउद्दीन ने अध्यक्षता करते हुए शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके योगदान को समाज का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन रानी ने कुशलतापूर्वक किया, जिन्होंने अपने संबोधन में शिक्षक दिवस के ऐतिहासिक महत्व और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान को याद किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं आयशा परवीन, साहिबा रानी, आसन नाजिया, शिल्पा परवीन, शाहनवाज



अली, समीर अहमद आदि को शॉल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों ने अपने विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की और भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद एहतेशाम नोमानी, मोहम्मद तहसीन, हसन अहमद, इफ्तिखार हुसैन, जयपाल सिंह, बबीता रानी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कविताएँ, गीत और नृत्य शामिल थे, जो शिक्षकों के प्रति उनके प्रेम और सम्मान को दर्शाते थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद शाहिद ने सभी का आभार व्यक्त किया और शिक्षकों को समाज का निर्माता बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता जताई। यह आयोजन न केवल शिक्षकों के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि विद्यालय परिवार की एकजुटता और सामूहिक प्रयासों का भी शानदार प्रदर्शन रहा।

# सादिक और अमीन थे हमारे नबी: मुफ्ती अब्दुस समी

## जो नबी के रास्ते पर चलेगा वो जरुर कामयाब होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू ।** शुक्रवार की शाम बारह रबी-उल-अव्वल के मौके पर मस्जिद कासमी स्थित मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा झालू में सीरत-उन-नबी पर जलसा मुनाकिद हुआ ।



इस मौके पर दिल्ली से तशरीफ लाए मशहूर आलिमे-दीन मुफ्ती अब्दुस समी कासमी ने तालीमाते-इस्लाम पर रौशनी डालते हुए कहा कि इस्लाम अमन,मोहब्बत और सच्चाई का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना, झूठा वादा करना और गलत बयानात देना नाकामी की अलामत है, जबकि हजरत मोहम्मद की सीरत इंसानियत के लिए रोशनी है। मुफ्ती अब्दुस समी कासमी ने कहा कि हमें चाहिए कि हम अपनी जिंदगी को पैगम्बर-ए-इस्लाम की बताई हुई राह पर गुजारें और हर हाल में सच बोलें, नेक अमल करें और इंसानियत की खिदमत को अपना मकसद बनाएं। उन्होंने तालीम, तर्बियत और अच्छे अखलाक पर जोर देते हुए

नौजवानों से अपील की कि वे समाज में मोहब्बत, भाईचारा और एक-दूसरे के हक की हिफाजत करें। प्रोग्राम की सदारत शहर इमाम मौलाना जाहिद ने की और संचालन मुफ्ती हिफजान ने किया। जलसे की शुरुआत मुफ्ती मौ. उवैस द्वारा तिलावत-ए-कुरआन से हुई, जिसके बाद मौलाना साद ने नात-ए-नबी पेश की । प्रोग्राम में बड़ी तादाद में आस-पास के लोग, आलिमे-दीन और समाजसेवी मौजूद रहे। आखिर में मुल्क और कौम की तरक्की व अमन-ओ-चौन के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर मस्जिद के जिम्मेदार मास्टर इरफान अहमद, मौलाना वसी उल हसन, मास्टर मौहम्मद साजिद, शमशाद उस्ताद, अकरम ठेकेदार, हाजी फारूक ठेकेदार, डॉक्टर नवेद, पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, अब्बास सभासद, इस्लामू भाई, शमीम उर्फ पधान, अस्वाक भाई, हसीन भाई, डॉ. रियासत, अशरफ, रिजवान, बिलाल, मास्टर लतीफ, मास्टर अब्दुल्लाह, निजामुदीन, अब्दुल वहाब, कारी ईनाम, हाफिज वकील आदि और खारी व झालू बस्ती के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

3 सितम्बर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितम्बर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितम्बर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। सीता. रमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलाफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आईआईटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवे. दनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं। अध्ययन में पहली बार उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों में भूकंप से होने वाले भूस्खलनों के जोखिम की जिला-स्तरीय जोनिंग की गई है। इसमें अलग-अलग भूकंपीय तीव्रता परिदृश्यों और भूकंप की वापसी अवधि के आधार पर जोखिम का विश्लेषण किया गया। रुद्रप्रयाग जिला सभी परिदृश्यों में सबसे ज्यादा संवेदनशील पाया गया है। इसके बाद पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में भारी भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

**दिल्ली के...** जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू- श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बड़गाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुजरात में सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### आकाश के ससुर की क्षमा याचना पर पसीजी बसपा प्रमुख

# सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी



■ पूर्व सांसद अशोक ने मायावती से माफी मांगी, मायावती की नसीहत: आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आई है। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आक. ाश आनंद के ससुर पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने मायावती से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए क्षमा याचना की है।

फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी। इसमें सबसे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को चरण स्पर्श लिखा। इसके बाद लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान 'जाने-अनजाने' तथा गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। आगे उन्होंने हाथ जोड़कर अनुरा. ेध किया कि मायावती उन्हें माफ कर दें। फिर कभी ऐसी गलती नहीं करने की बात भी लिखी। साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। सबसे प्रमुख बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी के महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने व फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप या फिर यूपी के जिन भी गलत लोगों को पार्टी से निकाला गया है, उनको वापस लेने के लिए कभी सिफारिश नहीं करूंगा। आखिर में उन्होंने मायावती से खुद को दोबारा पार्टी में लेने का आग्रह किया। सोशल मीडिया एक्स पर माफीनामा पोस्ट करने के कुछ देर बाद बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया। साथ ही उनके पार्टी में वापसी का ऐलान किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने लिखा कि कई वर्षों तक पार्टी में कार्यरत रहे और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती की माफी मांगी है। आगे से वफादर रहकर काम करने पर बल दिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शादी में दूल्हे की पहली पत्नी ने किया हंगामा

## दूल्हे पक्ष और पहली पत्नी पक्ष के लोगों में जमकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट ।** दूसरी शादी करने पहुंचे व्यक्ति कि पहली पत्नी ने मंडप में पहुंच कर जमकर हंगामा किया। इस दौरान दूल्हे पक्ष व पहली पत्नी पक्ष के साथ आये लोगों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंच दूल्हे, उसके पिता व बिचौलिये को पकड़ कर थाने ले गयी ।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान स्थित एक मण्डप में मौहल्ला खुराड़ा निवासी जमीर अहमद पुत्र पीर बख्श की बेटी की बारात आई थी । दूल्हा इश्तखार पुत्र कासिम निवासी ग्राम बगदाद अंसार थाना धामपुर का निकाह हो गया था। इसी दौरान दूल्हे की पहली पत्नी शबनम मण्डप में पहुंच गयी तथा हंगामा शुरु कर दिया बताया गया कि इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दूल्हे इश्तखार मलिक उसके पिता कासिम मलिक व बिचौलिये को पकड़ कर थाने ले गयी। पहली पत्नी शबनम ने बताया कि उसकी शादी चार साल पूर्व हुई थी तथा शादी के तीन महीने बाद दोनों में विवाद हो गया था। उसके बाद विवाद न्यायालय में विचाराधीन हैं। बिन बताये लड़का दूसरी शादी करने आया था। रोकने पर उन्होंने मारपीट की। वहीं दूल्हे ने बताया कि उसकी पहली पत्नी तीन माह बाद ही चली गयी तथा तब से उसे व उसके परिवार को परेशान कर रही है। वहीं समाचार लिखे जाने तक दूल्हा व उसका परिवार सहित लड़की पक्ष थाने में मौजूद थे और आपस में बात चल रही थी।







### तीन लोगों का शांतिभंग में चालान

**शेरकोट।** दूसरा निकाह करने के दौरान पहली पत्नी द्वारा मैरेज हॉल में हंगामा करने के प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच मारपीट प्रकरण में पुलिस ने दूल्हा सहित तीन लोगों कासिम पुत्र बशीर, इफ्तिखार पुत्र कासिम निवासीगण ग्राम बगदाद अंसार थाना धामपुर, मंगलू पुत्र रेनू ग्राम खोपा नंगला, थाना शेरकोट, शहजाद पुत्र रफीक निवासी ग्राम नयागांव, थाना धामपुर का शांति भग में चालान कर एसडीएम धामपुर न्यायालय में पेश किया गया।

## एक नजर

### अनंत चतुर्दशी पर जुलूस के साथ गणेश विसर्जन



**नांगल सोती।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नांगल में जुलूस निक. ाला गया। नांगल के महादेव मंदिर सहित मौहल्ला जोशियान में बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालू पूजा पाठ करने के साथ गुलाल खेलते हुए इस जुलूस में शामिल हुए। शनिवार को नांगल स्थित महादेव मंदिर और मौहल्ला जोशियान में अनंत चतुर्दशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की। यहां से अनन्त चतुर्दशी जुलूस का शुभारंभ करते हुए श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के साथ गुलाल रंग खेला। भगवान गणेश का गुणगान करते हुए इस जुलूस को मुख्य बाजार से होते हुए नांगल गंगा घाट पर ले जाया गया। जिसके साथ ही गणेश मूर्ति को गंगा में विसर्जित किया गया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु लौटकर मंदिर परिसर पहुंचे, जहां विशाल कीर्तन आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अमित कुमार, अरविंद कुमार, रो. हित कुमार सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### ग्राम बरूकी में जुलूस मोहम्मदी निकाला



**बरूकी।** क्षेत्र के गांव बरूकी में इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम की पैदाइश के मौके पर जुलूस मौहम्मदी निकाला गया। स्थानीय मदरसा कादरी उलूम में जलसे का आगाज किया गया। जलसे को संबोधित करते हुए कारी साबिर रजा हाफिज फैजान मौलाना नवीस अहमद कादरी ने सीरत उल नबी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस्लाम में भाईचारा संप्रदायिक सौहाद गरीबों की मदद करना, अपने बड़ों का सम्मान व बच्चों की शफाकत करने, महिलाओं की इज्जत करने, का पैगाम देता है। उन्होंने इस्लाम धर्म के अनुयायियों से अपील करते हुए । वह पावंदी की नमाज पढ़ते हुए इस्लाम में दिए हुए सभी अरकान को मानते हुए इस्लामिक तरीके से जीवन यापन करना चाहिए तथा अपने वतन से मोहब्बत करते हुए कायम करना चाहिए। जलसे के पशतचात जुलूस ए मौहम्मदी गांव के निर्धारित मार्ग से वापस होते हुए। मदरसा कादरी उलूम में कौम व वतन की सलामती के लिए देश के कई राज्य में आई बाढ़ से जुझ रहे बाढ़ पीड़ितों के लिए दुआ के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर इजहार ठेकेदार, मास्टर कफील, हाजी इकबाल अल्वी, इरफान अल्वी, रफीक जफर, नसीम अहमद, गुलजार चौधरी, सुनील चौकीदार, अनीस, रईस, नदीम, जफर, सलमान बरुकी, सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी यशपाल मलिक, कांस्टेबल देव, कांस्टेबल नीटू, कांस्टेबल रुप किशोर, मुनेंद्र मौजूद रहे।

### शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**नहटौर।** मायके से अपनी ससुराल जा रही महिला को रास्ते में रोक. कर पांच अज्ञात बाइक सवार युवकों ने हमला करते हुए कानों के कुंडल आदि छीन लिए। जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना चांदपुर के ग्राम जलीलपुर निवासी रविकांत पुत्र सुरेश ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके मित्र गोकुलनगर के रामकुमार की पत्नी रचना को लेकर उसके मायके नहटौर क्षेत्र के ग्राम रायपुर लकड़ा आया था। कुछ लोग रचना के मायके वालों से झगड़ा कर रहे थे। जिन्हें समझा-बुझाकर वह बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में पांच अज्ञात बाइक सवारों ने उन्हें रोक लिया। रचना के कानों से कुंडल, चैन छीन ली। उसके कानों में खून बहने लगा। उसने आपबीती पुलिस से जाकर बताई। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### क्लिनिक के गल्ले से रुपये चोरी

**शेरकोट।** चिकित्सक की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर एक उचक्का उनके क्लिनिक के गल्ले से 6400 रुपये ले उड़ा। चिकित्सक ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।नगर के मौहल्ला काजी सराय निवासी सैफुर्रहमान पुत्र नबील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह क्लिनिक खुला छोड़कर एक मरीज को देखने उसके घर गया था। वापस आकर देखा तो उसके गल्ले से 6400 रुपये गायब थे। पड़ोसियों ने बताया कि उनके गल्ले से मौहल्ला हकीमान निवासी शोएब पुत्र नौशाद ने रुपये चोरी किये है तथा उसे पकड़ने के लिए उसका पीछा भी किया। लेकिन वह भाग गया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

## एक नजर

### शिक्षकों को सम्मानित कर मनाया शिक्षक दिवस



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में शिक्षक दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती मीना सिंह ने बच्चों को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में बताया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सीनियर कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान, सतेन्द्र कुमार ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बालेश कुमार, कुशपाल सिंह, सतीश कुमार, सचिन कुमार, अमन वर्मा, विनोद कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं मौजूद रहे। विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती मीना सिंह ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भी बड़े हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया।

### पालिका ने चलाया जागरूकता अभियान




**नहटौर।** जन जागरूकता अभियान के तहत वार्ड नंबर 20 में लोगों को गीले और सूखे कूड़े को अलग करने के बारे में जागरूक किया गया। नगर पालिका की ओर जागरूकता अभियान चलाया गया। वार्ड नंबर 20 सूखे और गीले कूड़े के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों से कूड़े को सड़क पर न डालने के बारे में बताया कि कूड़े को अलग-अलग रखे। नगर पालिका के वाहन में भी इसे अलग-अलग डाले। अभियान को अधिशासी अधिकारी ओम गिरि के नेतृत्व में सभासद महफूज अहमद उर्फ गुड्डा, सफाई प्रभारी शाहजेब आलम, मौहम्मद अकरम, सलीम अहमद द्वारा चलाया गया।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



**नांगल सोती।** क्षेत्र के ग्राम सोफतपुर से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए सभी गांव वासियों ने मिलकर नगद धनराशि, गेहूं, चावल, दाल, नमक, रेडीमेड कपड़े, सोने के लिए बिस्तर, साड़ी, स्टील गिलास, चारपाई आदि सामान एकत्रित किया। यह खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग का समान गैंडीखाता (उत्तराखंड) गुरद्वारे के माध्यम से पंजाब भिजवाई जाएगी। सहयोग में भोले, अरुण, लेखपाल, नीरज, विनीत, अनुज, हंस वाहन, अवधेश, नेपाल, गौतम, मोहित आदि का योगदान रहा।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद मिलाद उन नबी

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर शादी (रामपुर) में ईद मिलाद-उन-नबी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस मौके पर नियाज का एतमाम किया गया। जुलूस अलवी बरातघर से प्रारंभ होकर, ग्राम में स्थित मजार पर जाकर संपन्न हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक शाकील अहमदशाह कादरी ने कहा कि ईद मिलाद-उन-नबी के इस मुकद्दस मौके पर हम पैगम्बर मौहम्मद की तालीमात को याद करते हुए । उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की कसम लेते हैं। मौहम्मद ने जो मुहब्ब, इंसानियत और अमन, का पैगाम दिया था। वो आज भी हमारी जिंदगी को नई राह देता है। ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर रब हम सबके दिलों को अपनी बेशुमार रहमतों, नेमतों, सब्र और मुहब्बतों से भर दे, मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नदीम अहमद, राशिद कादरी, डॉ. शमशाद मंसूरी, असलम परवेज, नाज आलम, मौहम्मद सरफराज, काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति थे।

# मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषणों व कविताओं से गूंजा विद्यालय प्रांगण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषणों और कविताओं से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा और मैनेजर मरियम साईम ने शिक्षकों को बधाई देते हुए उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं, वे विद्यार्थियों के जीवन को आकार देकर देश के भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षक दिवस हम सभी को यह संदेश देता है कि गुरु का सम्मान ही असली सफलता की कुंजी है।



वहीं मैनेजर मरियम साईम ने अपने प्रेरक भाषण में कहा कि एक अच्छा शिक्षक न केवल ज्ञान देता है बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। हम सबको शिक्षकों के मार्गदर्शन को आदर्श मानकर आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और योगदान के लिए आभार प्रकट किया और कार्यक्रम का समापन सामूहिक उत्सव के बीच हुआ।

इस मौके पर हाजी दानिश अख्तर ने भी शिक्षकों की हौसला अफजाई की।

# नशेड़ी उप्र परिवहन निगम की बस लेकर फरार

## बस सड़क किनारे खाई में जाकर रुकी, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददात**

**अफजलगढ़।** शराब के नशे में धुत एक नशेड़ी व्यक्ति कालागढ़ बस स्टैंड पर खड़ी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस को लेकर फरार हो गया। जिससे रोड पर भगदड़ मच गई। कई स्थानों पर टक्कर भी मार दी। बस 12 किलोमीटर दूर सड़क किनारे खाई में जाकर रुकी तथा बड़ा हादसा होने से बच गया। पुलिस ने बस लेकर फरार हुए व्यक्ति व बस चालक को हिरासत में लेकर दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कौशांबी बस डिपो की बस संख्या यूपी 78 एचएन 5220 शनिवार प्रातः 6:30 बजे दिल्ली से चलकर 11:30 बजे कालागढ़ बस स्टैंड पर पहुंचकर खड़ी थी। उक्त बस की 12:30 बजे दिल्ली के लिए वापसी थी। बस चालक बिलियम राव व परिचालक सुरेश कुमार वापसी जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। बस में चाबी लगी हुई थी। बस के ड्राइवर-कंडक्टर दोनों बस के समीप ही आरिफ टी स्टॉल पर चाय पीने लगे तभी चालक व परिचालक ने देखा कि कोई व्यक्ति बस लेकर भाग रहा है, तो उनके होश उड़ गए तभी ड्राइवर-कंडक्टर ने एक बाइक रुकवा कर बस का पीछा किया। बस लेकर भागा व्यक्ति ने भिक्कावाला सड़क किनारे खड़े जुगाड़ में टक्कर मारी और बाइक सवार सुरेश सिंह निवासी कालागढ़ भी चपेट में आने से चोटिल हो गया। बस का पीछा करते हुए चालक व परिचालक सहित आम नागरिकों ने बस रोकने का काफी प्रयास किया। कालागढ़-अफजलगढ़ मार्ग पर लगभग 12 किलोमीटर तक सड़क पर भगदड़ मच गई। बस अनियंत्रित होकर अगवानपुर में सड़क किनारे खाई में जा रूकी। गनीमत यह रही कि कुछ मिनट बाद ही ग्रामीण क्षेत्र से गणेश चतुर्थी मूर्ति विसर्जन करने जा रही शोभायात्रा कादराबाद रोड पर आई ही थी। बड़ा हादसा हो सकता था। बस लेकर भागा व्यक्ति शराब के नशे में धुत नशेड़ी मनोज (40 वर्ष) निवासी ग्राम जमुनावाला, थाना अफजलगढ़ बताया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बस लेकर भागे व्यक्ति मनोज को तथा रोडवेज बस चालक विलियम राव को बस में चाबी लगी छोड़ने की लापरवाही के आरोप में हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने जानकारी देते हुए बताया की चोटिल व्यक्तियों की तहरीर के आधार पर बस में चाबी छोड़ने की लापरवाही बरतने के आरोप में बस चालक विलियम राव व बस लेकर भागा नशेड़ी मनोज के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में नांगल की टीम ने अलावलपुर को हराया

## उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की 16 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** खानपुर में शिवा वॉलीबॉल क्लब की ओर से आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट में नांगल सोती की टीम ने अलावलपुर को हराकर टूर्नामेंट जीता। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। पूरी रात दर्शकों ने टूनामेंट का खूब मजा लिया।

शुक्रवार की रात खानपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पखनपुर गंगावाली औरआ महमसापुर के बीच खेला गया, जिसमें पखनपुर ने महमसापुर को 25-18 - 25-17 से हराया, अन्य मैचों में नांगल सोती ने श्यामपुर को 25-13 - 25- 20 अलावलपुर ने भागूवाला को 25 -11 - 25- 22 मुजफ्फरनगर ने किरतपुर को 25-18 - 25-20 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया था, सेमीफाइनल मैच में नांगल सोती ने देहरादून को 25- 20 - 25 -21 और अलावलपुर ने लालवाला को 25-20 - 25-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल मुकाबला नांगल सोती और अलावलपुर के बीच खेला गया, जिसमें नांगल सोती ने अलावलपुर को 25-20-25-18 से हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा किया।

रैफरी रोहित कुमार व रमनदीप रहे। इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा नेता अनुज चौधरी और आकाश राजपूत ने फीता काटकर किया, टूर्नामेंट में रुपेश, पुलकित, प्रशांत, तुषार, आयुष, हर्ष, अनमोल, गजेंद्र आदि का सहयोग रहा।



10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS) | BCA | BBA | B.Com | BA LLB | B.Sc Microbiology | B.Sc. Computer Sc. | B.Sc Home Sc. | B.Sc Physics | Chemistry | Maths Botany | Zoology
MBA | MCA | LLB | LLM | M.TECH. | MSW | M.Sc. Home Sc. | MA Education

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# घर में रंजीश के चलते वृद्ध ने गंगा में लगाई छलांग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** घर में रंजीश के चलते वृद्ध ने गंगा में छलांग लगा दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार अपने घर की रंजीश के चलते ग्राम औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गिदड़पुरा निवासी रणजीत पुत्र नत्थू 60 वर्षीय आज शनिवार को घर से साइकिल उठाकर रावली बंदे पर चला गया और हरिद्वार में रह रहे अपने पुत्र पर फोन करके कहा की मैं घर छोड़ कर जा रहा हूं। थोड़ी देर बाद उसकी पत्नी और उसका दुसरा लड़का बाइक उठाकर बंदे की और पहुंच गये। उन्हें अपने पास आता देख उसने गंगा में छलांग लगा दी। सूचना पर मंडावर पुलिस और तहसीलदार लेखपाल अन्य अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है।

## गोताखोरों की तलाश जारी

# धामपुर में गणेश विसर्जन यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री गणेश चौथ समिति की ओर से गुरुवार को 36वें वार्षिक श्री गणेश चौथ महोत्सव का समापन विधिवत गणेश विसर्जन यात्रा के साथ हुआ। उधर टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला से भी यात्रा निकाली गई।

विशाल यात्रा में गणेश भक्तों ने जयकारों और रंग-गुलाल से माहौल गणेशमय कर दिया। "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" और "हर हर महाद.व" जैसे जयघोषों से नगर की गलियां गूंज उठीं। भक्तों ने जगह-जगह प्रसाद वितरण कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा समिति के संयोजक विजय कुमार जैन और सहसंयोजक संयम जैन के नेतृत्व में यह शोभायात्रा नगीना चौराहा होते हुए के.एम. इंटर कॉलेज तक पहुंची। इसके बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को वाहन पर विराजमान कर भक्तों के साथ हरिद्वार रवाना किया गया। हरिद्वार में पूरे विधि-विधान से गंगा जी में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## रंग-गुलाल में सराबोर नगर

इस दौरान समिति के महामंत्री विपुल कुमार वर्मा, विनीत अग्रवाल, सत्यम रस्तोगी, अमन पुष्पक, अंकित सैनी, शोभित गोयल, तपिश शर्मा, मोहित सैनी, अनूप गोयल, हर्ष चंद्र बांद्रा, अनु वर्मा, प्रियांशु सेठी सहित बड़ी संख्या में गणेश भक्त मौजूद रहे। उधर सत्य धाम धर्मशाला से यात्रा निकालने से पहले कॉलोनी में रंग गुलाल खेला गया।

## एक नजर

### गणेश चौथ महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**शेरकोट।** द्रोपदा मंदिर के पास युवा हिन्दू कमेटी की ओर से आयोजित ग्यारह दिवसीय प्रथम गणेश चौथ महोत्सव का समापन मंगलवार को धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। समापन अवसर पर हवन यज्ञ के बाद गणपति प्रतिमा को सुसज्जित वाहन पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मौहल्ला अफगानान से शुरू होकर बैंक ऑफ बड़ौदा मार्ग से सैनी धर्मशाला होते हुए खो नदी तट तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और डीजे की थाप पर थिरकते नजर आए। रंग-गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने गणपति बप्पा के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। अंत में खो नदी के किनारे विधिविधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर वंश पुष्पक, केशव रुहेला, हिमांशु रुहेला, अनुज चंद्रा, कोमल चंद्रा, हिमांशु पुष्पक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गणेश चौथ महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । लोगों ने गणपति बप्पा की भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना की।

### गणेश भक्तों ने किया सामूहिक सुंदरकांड पाठ



**धामपुर।** ग्राम जैतरा के बड़ा शिव मंदिर में चल रहे 11 दिवसीय श्री गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। युवा संस्था युवा यूथ विग्रेड की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालु परिवारों ने मिलकर भगवान गणेश के चरणों में आस्था अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की मूर्ति के समक्ष सामूहिक पूजन से हुआ। मुख्य यजमान संस्था के अध्यक्ष सोनू सिसोदिया, उपाध्यक्ष गौरव राजपूत, महासचिव रक्षित सिसोदिया, सचिव कार्तिकेय धीमान व कोषाध्यक्ष प्रशांत सिसोदिया रहे। मंदिर परिसर भक्ति मय माहौल से गूंज उठा जब भजनों के बीच पारंपरिक जयकारों का सामूहिक उच्चारण हुआ। इस दौरान पांच भक्तों केशव कुमार, प्रशांत राजपूत, भूपेंद्र राणा, शानू शर्मा और सुनील राजपूत को उनकी 11 दिवसीय उपवास साधना के लिए "समर्पित गणेश भक्त" की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता ठाकुर आदित्य कुमार सिंह राजपूत व ग्राम प्रधान सुनीता देवी चौहान ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्राम की गरिमा को बढ़ाता है। वहीं स्योहारा के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी 11 दिवसीय श्री गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत सामूहिक पूजन हुआ, जिसमें समाजसेवी स्व. अनिल कुमार जुनेजा (टिल्लू) के परिवार ने सहभागिता की। परिवार की संरक्षक सतनाम कौर जुनेजा व उनके पुत्रों हरप्रीत जुनेजा और देव जुनेजा को धार्मिक कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

### जानलेवा हमला करने का आरोप



**धामपुर।** नगर की बड़ी मंडी स्थित धर्मशाला मे शुक्रवार की देर रात्रि करीब डेढ़ बजे एक व्यक्ति ने मंदिर में रहने वाले व्यक्ति पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी हे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई शुरु कर दी है। नगर के स्योहारा चुंगी निवासी अजय सैनी पुत्र जंग बहादुर ने बताया कि वह शोभा यात्रा में झांकी सजाने वालों के पास वह मजदूरी करता है। पीड़ित ने बताया कि वह नगर में निकले गणेश चौथ की शोभायात्रा के बाद धर्मशाला में झांकी वालों का समान उठाने के लिए करीब डेढ़ गया था। जैसे ही वह समान उठाकर चला, तो वहां मौजूद एक व्यक्ति ने अकारण ही उसके पीछे से सिर में लाठी से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। घटना के बाद शोर सुनकर दौड़कर आय लोगों ने उसे आरोपी से बचाकर किसी तरहा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद आरोपी के खिलाफ घटना की तहरीर देकर कर्रवाई की गुहार लगाई है।

### शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ



**नूरपुर।** श्री गणपति महोत्सव के पावन पर्व पर आज नूरपुर मंडल के क्षेत्र के गांव पीपला जागीर में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल व भाजपा नेता पुनीत चौधरी ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया व तत्पश्चात विभिन्न स्थान पर आयोजित शोभा यात्रा मे सम्मिलित होकर भगवान गजानन से प्रार्थना की वे अपने सभी भक्तों को सुख, समृद्धि प्रदान करे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामन्त्री वीरप्रकाश ईशमपाल चौधरी, मंडल मन्त्री विनोद पीबाल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनिकेत घाघट, पवन गोयल आदी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विद्युत पंखे चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर।** गांव सलेमपुर व रजानगर से तार व विद्युत पंखे चोरी करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को नहटौर के गांगन पुल के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मुखबिर की सूचना पर नहटौर पुलिस ने शनिवार को नहटौर के धामपुर मार्ग स्थित गांगन पुल के पास से दो युवकों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि नहटौर क्षेत्र के गांव सलेमपुर से विद्युत तार व रजानगर से विद्युत पंखे चोरी करने के मामले में उन्हें पकड़ा गया है। उनके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम धामपुर थाना क्षेत्र के गांव सुहागपुर के गजेंद्र पुत्र मोहर सिंह व सौरभ पुत्र हेमराज बताया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि दोनों अभियुक्त का चालान कर दिया गया है।

### पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला अहमद खेल में एक मासूम दिव्यांग लड़की के साथ कुछ युवकों द्वारा छेड़खानी किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि दो सितंबर 2025 को उसकी लड़की, जो बोलने में असमर्थ व शारीरिक रूप से दिव्यांग है, को मौहल्ले के ही चार युवक अरमान पुत्र नामालूम, जैद पुत्र अतीक, अजीम पुत्र नामालूम व सोनू पुत्र मुन्ना बहला-फुसलाकर एक खण्डहर में ले गए। वहां चारों ने लड़की के साथ छेड़खानी की। आरोपी सभी मौहल्ला अहमद खेल निवासी बताए जा रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शांतिनाथ मंदिर से पालकी यात्रा निकाली



**धामपुर।** अनंत चतुर्दशी जैन धर्मावलंबियों के लिए सबसे पवित्र जैन धर्मावलंबियों का महत्वपूर्ण दिन होता। अनंत चतुर्दशी या अनंत चौदस जैन धर्मावलंबियों के लिए सबसे पवित्र तिथि है। यह मुख्य जैन त्यौहार, पर्यूषण पर्व का आखरी दिन होता है। आज के दिन सभी श्रावक अनंत चौदस का व्रत रखकर अनंत चतुर्दशी मनाते हैं। इस अवसर पर जिनालयों में श्री जी के कलशाभिषेक, शांतिधारा, पर्व पूजन, संगीतमय नित्यमह पूजन, सामायिक, आरती, शास्त्र प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे शाम को श्री शातिनाथ पंचयती मंदिर से पालकी यात्रा प्रररम्भ हुई पालकी मे श्री जी को विरजमान करके धामपुर नगर भ्रमन कराया गया। तत्पश्चात शांतिनाथ मंदिर से पालकी यात्रा प्रारंभ हुई होली महाराज मंदिर से होते हुए भगत सिंह चौक मेन मार्केट खारी कुआं से पहाड़ी दरवाजा होते हुए पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पहुंची। मंदिर जी में श्री जी का अभिषेक तत्पश्चात आरती की गई वहां से पालकी यात्रा शांतिनाथ जिनालय में जाकर संपन्न हुई वहां पर भी श्रीजी का अभिषेक व आरती हुई। जिसमं प्रथम इंद्र शिरोमणि जैन पुत्र करुणानिधि जैन, द्वितीय इंद्र निखिल जैन पुत्र राजीव जैन, छोटे लाल जैन, आरती की बोली दीपक जैन पत्थर वाले जैन धर्म लंबी उपस्थित रहे। सुभाष जैन, दिवाकर जैन, प्रदीप जैन शास्त्री जी, वंदित जैन, अमन जैन, प. नमन जैन, कुमुद जैन, विशाल जैन, अनिल जैन, शुभम जैन, अरून जैन, अवधेश जैन, ऋषभ जैन, सार्थक जैन, संजीव जैन, मनोज जैन, मर्दाव जैन, क्षितिज जैन, परवीन जैन, हर्षित जैन दिवाकर, जैन, निखिल जैन चंचल जैन, ईशा जैन, मीना जैन, ममता जैन, रेखा जैन, सीमा जैन, अमिता जैन, श्रुति जैन, भावना जैन, ऋचा जैन, आरुषि जैन, शिल्पी जैन, गीता जैन, चारू जैन, अनिता जैन, राखी जैन, मधु जैन आदि ने भाग लिया।

# हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से पिता की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुलफाम (24 वर्ष) निवासी ग्राम इस्लामपुर, थाना कोतवाली देहात अपनी बाइक से अपने पिता हनीफ (62 वर्ष) को साथ लेकर अमरोहा से दवा लेने के लिए गया था। बताया जाता है कि जब वह दवाई लेकर वापस आ रहे थे, तो नूरपुर रोड पर ग्राम खण्डसाल के समीप सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी। जिसमें पिता पुत्र दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां गुलफाम के पिता हनीफ के बाएं हाथ के कंधे की हड्डी टूटने के कारण उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। सूचना पर गुलफाम के परिजन सीएचसी पहुंचे और घायल को अपने साथ बिजनौर ले गए।

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर किया

# श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से संपन्न

## दीपक गर्ग मोनू सभासद के नेतृत्व में निकली भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नई बस्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार को 12वां श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान गणेश की भक्ति में लीन होकर उत्सव को यादगार बनाया। महोत्सव का समापन विशाल शोभायात्रा और मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ।

शोभायात्रा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई बैराज पहुंची, जहां श्रद्धापूर्वक गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया। यात्रा में आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू सभासद ने किया। इस दौरान पंडित कौशल किशोर कौशिक, पंडित राजीव कौशिक, संतराम देशवाल, पंडित अस्माक कौशिक, नितिन देशवाल, पारस वत्स, राघव भारद्वाज, सुरेंद्र सिंह, कृष्णा ठाकुर, सौरभ गौर सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

दीपक गर्ग मोनू सभासद के नेतृत्व में शोभायात्रा की भव्यता और भक्ति भाव ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव में शामिल भक्तों ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना की।

# बंदरों के हमले में 14वर्षीय किशोर घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना नगर में बंदरों का जबरदस्त आतंक जारी है। अपने घर के बाहर खेल रहा एक 14 वर्षीय किशोर बंदरों के हमले में गंभीर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटनाक्रम के अनुसार नगीना के मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी 15 वर्षीय दीपांशु शनिवार की सुबह 7 बजे करीब अपने घर के बाहर खेल रहा था कि अचानक बंदरों के झुंड ने दीपांशु पर हमला बोल दिया बंदरों के हमले में दीपांशु घायल होकर लहूलुहान हो गया शोर मचाने पर उसके परिजन और आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे और किशोर को बचाकर बंदरों को भगाया, गंभीर रूप से घायल किशोर को उपचार के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल कि प्रधानाचार्य श्रीमती बबीता गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने अंदाज में शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्ले-ग्रुप से लेकर यू.के.जी. तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने भी मनमोहक नृत्य, कविताएं और छोटे-छोटे अभिनय प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। वहीं कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विंग में शिक्षक दिवस का आयोजन किया, जिसमें भाषण, नृत्य और अभिनय प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। छात्रों ने शिक्षकों को कार्ड और उपहार भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। पूरे विद्यालय का वातावरण शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता से सराबोर रहा।

विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती बबीता गुप्ता ने अपने संद.ेश में कहा कि "शिक्षक समाज की सच्ची धरोहर हैं और उनका मार्गदर्शन ही विद्यार्थियों को जीवन में सफलता दिलाता है। शिक्षक दिवस हमें गुरुजनों के महत्व की याद दिलाता है।" कार्यक्रम का समापन सभी अध्यापकों के सम्मान समारोह के साथ हुआ। यह दिन विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अविस्मरणीय बन गया।


## पब्लिक इण्टर कॉलेज, मदारीपुर ( बिजनौर )

**विज्ञप्ति पब्लिक इण्टर कॉलेज, मदारीपुर ( बिजनौर ) की प्रबंध समिति हेतु निर्वाचन अधिसूचना**

विषय-कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव हेतु साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जिला विद्यालय निरीक्षक, बिजनौर के पत्र पत्रांक मा. चान्द/ 6121-23/2025-26 के अनुपालन में विद्यालय की प्रशासन योजना के अनुसार श्री जितेन्द्र कुमार प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल नरावली (बिजनौर) को पर्यवेक्षक एवं पीठासीन अधिकारी श्री मित्रलाल गौतम प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल जाफराबाद, बिजनौर की अध्यक्षता में चुनाव निम्नवत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न कराया जायेगा। अत: साधारण सभा के समस्त सदस्य सहभागिता करें। कार्यक्रमानुसार चुनाव में भाग न लेने वाले सदस्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।

| क्र.सं. | कार्यक्रम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | सदस्यता सूची का प्रकाशन | 17.09.2025 | प्रात: 10 बजे |
| 2 | सदस्यता सूची की लिपिकीय त्रुटि पर आपत्ति | 17.09.2025 | 12 बजे से 2 बजे तक |
| 3 | शुद्ध सूची का प्रकाशन | 17.09.2025 | 2 बजे के बाद |
| 4 | नामांकन | 18.09.2025 | प्रात: 10 से 2 बजे तक |
| 5 | नामांकनपत्रों का प्रकाशन | 18.09.2025 | 2 बजे के बाद |
| 6 | नामांकन पत्रों पर आपत्ति एवं सुनवाई | 18.09.2025 | 2 से 4 बजे तक |
| 7 | जांचोपरान्त वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन | 18.09.2025 | 4 बजे के बाद |
| 8 | नाम वापसी | 19.09.2025 | 10 बजे से 2 बजे तक |
| 9 | नाम वापसी के बाद वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन | 19.09.2025 | 2 बजे के बाद |
| 10 | मतदान यदि आवश्यक हुआ तो | 24.09.2025 | 8 बजे से 4 बजे तक |
| 11 | मतगणना तथा पदाधिकारियों सदस्यों की घोषणा | 24.09.2025 | 4 बजे से सायं अन्त तक |

**चुनाव स्थल-विद्यालय भवन एवं प्रांगण पब्लिक इण्टर कॉलेज, मदारीपुर बिजनौर।**

**नोट: नामांकन पत्र निर्धारित तिथि पर विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध होंगे। उम्मीदवार नियमानुसार पर्यवेक्षक/ पीठासीन अधिकारी को प्रस्तुत करेंगें।**

**डॉ. निशान्त कुमार यादव**
प्राधिकृत नियंत्रक
प.इ.का. मदारीपुर (बिजनौर)

**श्री मित्रपाल गौतम**
पीठासीन अधिकारी
प.इ.का. मदारीपुर (बिजनौर)

**श्री जितेन्द्र कुमार**
पर्यवेक्षक
प.इ.का. मदारीपुर (बिजनौर)



## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या M-2927383 में गलती से मेरा नाम HUSSAIN NAZAKET पुत्र WAJID HUSSAIN दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम व पता NAZAKAT, HUSSAIN पुत्र WAJID HUSSAIN MOHALLA SHAHVILAYAT, KASBA MANDAWAR, BIJNOR UP 246721 है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड में रमनदीप सिंह है व राजस्व अभिलेखों में रतनदीप सिंह अंकित हैं। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। इसलिए मेरा नाम रमनदीप सिंह उर्फ रतनदीप सिंह पढ़ा जाये।

**रमनदीप सिंह उर्फ रतनदीप सिंह पुत्र परमजीत सिंह ग्राम सईद नगर बढ़ापुर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

# धामपुर में गणेश उत्सव का भव्य समापन

## झांकियों और शोभायात्रा ने मोह लिया मन, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री गणेश चौथ शोभा यात्रा समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय गणेश उत्सव का समापन गुरुवार को नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। नगर भर का माहौल भक्तिमय और उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ शोभायात्रा को देखने के लिए सुबह से ही मार्गों पर उमड़ पड़ी।





समिति अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार, महामंत्री विपुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय जैन और संयोजक संयम जैन के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि राणा प्रियंकर सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, अवनीश चौहान, नरेश सैनी, मनोज चौहान, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, वीरेंद्र रस्तोगी और पुष्पेंद्र सक्सेना का पारंपरिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मान किया गया। इसके अलावा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, वीर बजरंगी हनुमान, गणेश भगवान, मां दुर्गा और ऑपरेशन सिंदूर की भव्य झांकियां सजाई गईं। इनमें विशेष रूप से लव जिहाद पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। ऊँचे स्थानों पर लटकी मटकियों को फोड़ने के लिए युवाओं की टीमों में उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में शामिल बैंड पार्टियों ने धार्मिक धुनें बजाकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। शहर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा का प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। आयोजन के दौरान पुलिस बल हर स्थान पर मुस्तैद दिखाई दिया, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# सर्वपल्ली डा. राधाकृष्ण का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को उपहार भेंटकर चरण स्पर्श किए और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर विकास क्षेत्र कोतवाली के उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी में छात्रों ने उत्साहपूर्वक शिक्षक दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं द्वारा केक कटवाकर शिक्षक दिवस की वर्षगांठ मनाई और शिक्षकों का स्वागत किया। शिक्षकों को उपहार भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिया गया। नोडल शिक्षक परवेज आदिल ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके दिखलाये मार्ग पर चलने का आह्वान छात्र-छात्राओं से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक सौरभ शुक्ला, स्वाति वर्मा, संतोष देवी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणेश उत्सव का दसवां दिन

## रिद्धि सिद्धि के स्वामी हैं भगवान गणपति: पंडित संजय डबराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गणपति महोत्सव के नौवें दिन की संध्या के पूजन के मुख्य यजमान गौरव माहेश्वरी और दसवें दिन सुबह के मुख्य यजमान आकाश कान्हा कर्णवाल को एवं उनके परिवारजनों को पंडित जितेंद्र डबराल व पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित संजय डबराल ने कहा कि इस लोक में लोगों के मध्य जितने भी सुख, शांति, समृद्धि, रिद्धि और सिद्धि है वह सभी भगवान गणेश के प्रताप से होती है। जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान गणेश की आराधना करता है, उसे जीवन में कभी निराशा का मुंह नहीं देखना पड़ता। क्योंकि भगवान गणेश जब एक बार किसी भक्त का हाथ संभाल लेते हैं, तो जीवन पर्यंत उस व्यक्ति को कभी हार का सामना नहीं करना पड़ता। वह अपने समस्त परिवारजनों के साथ सुख शांति और समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत करता है। क्योंकि उसके सिर पर भगवान गणपति का हाथ होता है। पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि मनुष्य के जीवन में कितने भी कष्ट क्यों न हो, अगर भगवान गणपति हाथ थाम लेते हैं, तो सारी विपदाएं स्वत समाप्त हो जाती हैं। आगे उन्होंने कहा कि भगवान गणपति को यदि कोई भक्त सच्चे मन से पुकारता है, तो गणपति उस भक्त के कासन को दूर करने के लिए दौड़े चले आते हैं। इसलिए सदैव अपने सच्चे मन से प्रथम पूज्य देवता के रूप में भगवान गणपति की आराधना प्रत्येक शुभ कार्य के आरंभ में करनी चाहिए। दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लो. केश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड., राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, अरुण पाटिल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली



**नहटौर।** गांव टपरौला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के कार्यक्रम में मुख्य यजमान विनोद चौहान सहपत्नी रहे। पूजा-अर्चना के साथ महिलाओं ने गांव के विभिन्न मार्गों से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में मनोरमा, आशी, नेहा, आवेश, सुनीता, रीता, नूतन, रिंकी, बबीता, शिवानी, मंजू, प्रवेश, ममता, सीमा, उर्मि, भावना, गौरी, शिल्पी, अनीता, सुनीता, उर्मिला, कुसुम, ववेश नवीन, मदन, सौरभ, कोमल, लोकेंद्र, रूपेश, हिमांशु, शंकर, गौरव, राजन, निशांत, बलराम, सचिन, त्रिलोक, अरुण, कृष्णा, नरदेव, अभय, आशु, पुष्पेंद्र, संचित, रोहित, रोनित, नवनीत, काव्य, प्रिंस, कनिष्क, मनीकांत, चिराग आदि सम्मिलित रहे।

### दशलक्षण महापर्व पर निकाला जुलूस



**नहटौर।** जैन समाज के तत्वावधान में चल रहे दशलक्षण महापर्व के समापन व अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर जैन समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। शनिवार की प्रातः मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने अपने परिवारों की सुख समृद्धि के लिए कामना की गई। इसके पश्चात मंदिर से जुलूस शुरू होकर मुख्य बाजार, एजेंसी चौराहा से होती हुई जैन इंटर कालेज पहुचीं। जहां पर समाज के लोगों ने भजन गीत गाए। उसके बाद वापस मंदिर पर आकर सम्पन्न हुआ। यात्रा में जैन समाज के लोग जैन भजन गाते हुए चल रहे थे। जिससे नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ था। प्रबंधक राजीव जैन, जैन अल्पसंख्यक महासंघ अध्यक्ष ऋषभ जैन, पुनीत जैन, नितिन जैन, काका जैन, अवनीश जैन, सुरेंद्र जैन, डॉ. अंकुर जैन, मुकेश जैन, पंकज जैन बिट्टू, सन्नी जैन, हैप्पी जैन, शैलेंद्र जैन, पण्डित संमति जैन, विनय जैन, प्रदीप जैन, सौरभ जैन, अजय जैन आदि मौजूद रहे।

### नवनियुक्त अनुदेशकों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणाम में चयनित अनुदेशकों को प्रदेश स्तर पर आज सात सितंबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश के समस्त जनपदों में राजकीय आईटीआई में दिखाया जाएगा। साथ ही जनपद बिजनौर में नवनियुक्त एक दर्जन अनुदेशकों को एडवोकेट ऐश्वर्य मौसम चौधरी वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने देते हुए बताया कि समस्त नवनियुक्त अनुदेशक आज प्रातः दस बजे राजकीय आईटीआई, बिजनौर में प्रत्येक दशा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें साथ ही जनपद की समस्त राजकीय आईटीआई के समस्त कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# धूमधाम से निकाली गणेश विसर्जन यात्रा

## जमकर गुलाल की खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री सनातम धर्म प्रचार सभा के तत्वावधान में चल रहे 11 दिवसीय गणेश माहोत्सव के समापन पर नगर में गणेश जी की विसर्जन यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। इस मौके पर श्रद्धलुओं ने आपस मे जमकर गुलाल की होली खेली।



शनिवार को प्रातः चौधरियान शिव मंदिर में हवन एवं महाआरती के बाद गणेश जी की विसर्जन यात्रा निकाली गई। मंदिर से प्रारम्भ होकर सराय जोखा सिंह, धर्मशाला, कायस्थान, मुख्य बाजार, एजेंसी चौराहा, जोशियांन, पीर की चुंगी से होती हुई हल्दौर चौराहे पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालु आपस में गुलाल की होली खेलते हुए चल रहे थे। उन्होंने जमकर डीजे की थाप पर नृत्य किया। गणपति बप्पा मोरिया, अगले वर्ष तू जल्दी आ, के उत्घोषों से वातावरण भक्तिमय हो गया था। बाद में गणेश जी की प्रतिमा को बिजनौर बैराज ले जाकर विसर्जन कर दिया गया। इस मौके पर बाबा मलंगदास, प्रदीप अग्रवाल, वैभव गोयल, मुकेश गुप्ता, पवन अग्रवाल, पुष्पेंद्र शर्मा, निशु त्यागी, सुशान्त गोयल, शानू शर्मा, मुकेश वर्मा, रौनिक गोयल, पारस गोयल, अंकुश अग्रवाल, अभय अग्रवाल, संकल्प त्यागी, पलक गुप्ता, प्रवेश अग्रवाल, रतन सैनी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया 1500 साल वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नजीबाबाद। क्षेत्र के ग्राम शाह अलीपुर अब्दुल सत्तार उर्फ मदनपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से मनाया गया। अहले सुन्नत व जमात ने 1500 साल वां ईद मिलादुन्नबी की सदाऐ बुलंद करते हुए सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा के नारे गली गली में गूंजे।



इस मौके पर मौहम्मद आबिद ने अपने घर पर जलसे का भी आयोजन कराया। जिसमें नजीबा. बाद से तशरीफ लाए हजरत अल्लामा कारी वाजिद हुसैन सहाब ने अपने खिताब में कहा क्यों न हम सरकार की आमद धूमधाम से मनाएं। क्योंकि अल्लाह तबारक व ताला के फरिश्ते खुद सरकार की आमद की खुशी में खुशियां मनाते हैं और अल्लाह तबारक व ताला अपने नबी का खुद मिलाद सुनता है। हर साल की तरह इस साल भी जुलूस में खूब बढ़-चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया और मुफ्ती रहमतुल्लाह सहाब मेरठी ने अपने खिताब में क्यों न हम सरकार का मिलाद बनाएं और अपने घरों में चरागाह करें और झंडे लगाए। क्योंकि फरिश्तों ने खुद सरकार की आमद में झंडे लगाए और भी तमाम लोगों ने खूब नबी की शान में कसीदे पढ़े। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के इस मौके पर मौहम्मद आबिद ने अपनी जानिब से पुरे ग्राम के लोगों को खाना खिलवाया। इस मौके पर मौहम्मद असगर, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद अब्बास, मौहम्मद कासिम, गुफरान उस्मानी, मौहम्मद असलम, मौहम्मद फारूख, मौहम्मद अकरम, इसरार अहमद, रिजवान अहमद आदि मौजूद रहे। गांव में थाना किरतपुर पुलिस भी मौजूद रही।

# डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

## परीक्षा को पूर्ण रूप से नकलविहीन सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज पूर्वाह्न जिले के 22 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में संचालित यूपीएसएसएससी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2025 को सुचारू, नकल विहीन, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।




निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाए ताकि किसी भी स्तर पर कोई व्यवधान अथवा अव्यवस्था न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में मोबाइल तथा किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर प्रवेश न करने पाए तथा सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थी को परीक्षा कक्षा में प्रवेश कराएं।

परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति उन्होंने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल/गंगा बैराज का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### शादीपुर में शिक्षक दिवस मनाया



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर धारा सिंह, मनजीत सिंह, गोल्डी सिंह ,आदर्श शर्मा, विनायक आदि मौजूद रहे।

### गोशालाओं का निरीक्षण किया



**बिजनौर।** दीपक गोयल सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, लखनऊ का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल द्वारा सदस्य का स्वागत किया गया। दीपक गोयल द्वारा विकास खंड नूरपुर अंतर्गत आश्रय गौ आश्रय स्थल फीना का निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव मौजूद रहे। गौ आश्रय स्थल का संपर्क मार्ग खराब है, जिसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। गोबर का निस्तारण ठीक प्रकार से करने एवं वर्षा के दृष्टिगत जल निकासी की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए गए। नर गोवंश को छोटे गोवंश से अलग रखने के लिए शेड में बाढ़ कराकर उसमें रखा जाए। विकास खंड नूरपुर अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय किरतपुर का निरीक्षण किया गया। गौशाला का संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है एवं गौ उत्पाद जैसे अगरबत्ती दिये बनाए जा रहे है। जिसकी दीपक गोयल द्वारा प्रशंसा की गई। विकास खंड कोतवाली अंतर्गत उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग में पंजीकृत श्री कृष्णायन गौशाला का निरीक्षण किया गया। उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी नगीना मौके पर मौजूद रहे। गौ आश्रय स्थल में रेड सिंधी एवं साहीवाल नस्ल की गए। संरक्षित की गई है। दीपक गोयल द्वारा गौशाला का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। इस्माइलपुर दमि गौशाला का निरीक्षण किया। गौ आश्रय संचालिका रजनी जौहर मौजूद रही। गौ आश्रय स्थल का संपर्क मार्ग बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए एवं गौबर का निस्तारण ठीक तरीके से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपेक्षा की गई कि गौ उत्पाद तैयार कर गौ आश्रय स्थलों को स्वाबलंबी बनाया जाए।

### विद्यालय में वेश प्रतियोगिता




**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर नगीना में वेश प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें शिशु वाटिका वर्ग में कक्षा अरूण के भैया युवराज, पुनीत सूर्य व बहिन सान्वी गौड़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा उदय की बहिन दिव्यांशी, भैया समर व रेयांश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा प्रभात के भैया दक्षित्म, आदर्श व बहिन मानवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा प्रथम की बहिन दिव्य, माही व आरोही ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वितीय के भैया धनंजय, बहिन परिधि व भैया ऋषभ ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान, शिशु वर्ग में कक्षा तृतीय की बहिन ईशानी, आरोही चौहान व भैया सत्यम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा चतुर्थ की बहिन कुंजिका, शिवन्या व भैया प्रियांशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा पंचम की वहीं रिचा, विधि चौहान व भैया विराट ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, बाल वर्ग में कक्षा शस्थ के भैया प्रीयोम, बहिन भारती व निधि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा सप्तम की बहिन आयुषी गौतम, भैया आयुष कुमार व बहिन मानवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा अष्टम के भैया विराज मिश्रा, बहिन अनवी व भैया नैतिक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, किशोर वर्ग में कक्षा नवम के भैया पराग चौहान, बहिन ईशा व भैया हिमांशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा दशम के भैया मौलिक मिश्रा, बहिन आकृति विश्नोई व भैया आदित्य शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, तरुण वर्ग में कक्षा एकादस की आदर्श की बहिन आरोही वर्मा, निकिता व सांची रूहेला ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वादश की बहिन नैना चौहान, भैया कार्तिक पाल व अनमोल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निर्णायक दल में उपस्थित श्रीमती इंदु ठुकराल, श्रीमती बाला, श्रीमती सविता पाल ने सभी भैया - बहिनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह सहित आचार्य सुभाष एवं ब्रह्मपाल उपस्थित रहे।

### भगवान गणपति को दी विदाई



**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर के पास चल रहे गणेश महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन धार्मिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके तहत पंडाल में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। गणेश विसर्जन व अनंत चतुर्दशी की पूर्व संध्या पर स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान गणपति को छप्पन भोग लगाए गए एवं भक्तों के लिए आकर्षक झांकियां सजाई गईं। इन झांकियों में कलाकार पाठा कश्यप, धीरज, कोमल, सोनू और जानवी ने भक्तों को आनंदित किया और अपने प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। कलाकारों को श्रद्धालुओं द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान से अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। चारों ओर भगवान गणेश के जयकारे लगाए जा रहे थे, जिससे पंडाल का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। शनिवार को अनंत चतुर्दशी के दिन युवाओं द्वारा मटकी फोड़ी गई, जिसके पश्चात विघ्नहर्ता भगवान गणपति को विदाई दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिमांशु पाल, मनीत सिंह, वंश छाबड़ा, आदि जैन, कोमल उर्फ पाठा, काका, शिवपाल, कार्तिक, गौरव पाल, रुद्राक्ष गौड़, नितिन पाल, अजीत सिंह, मयंक, शुभ पाल, देव तोमर, वासु, आंचल खुराना, मीनू छाबड़ा, राधा रानी, बबीता पाल, पूनम, वंशिक छाबड़ा, सर्वेश आदि का सहयोग रहा।



असमोली- पीएम स्वच्छता अभियान की पोल खोलते ग्राम तेलीपुरा के ग्रामीण प्रदर्शन करते।

# पीएम स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहा ग्राम तेलीपुरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की हकीकत को ग्राम तेलीपुरा में साफ देखा जा सकता है। स्कूल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर स्थित सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि ग्रामीणों का निकलना दुश्वारियों भरा हो गया है। जगह-जगह गडढे और कीचड़ भरी सड़कें न केवल बच्चों की पढ़ाई में बाधा बन रही हैं, बल्कि ग्रामीणों की दैनिक जिंदगी को भी संकट में डाल रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर उन्होंने ग्राम प्रधाान से कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला, कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यही कारण है कि गुस्साए

**०जर्जर सड़क की हालत इतनी खराब निकलना हुआ मुश्किल**

लोग अब खुलकर प्रधान पर लापरवाही के आरोप लगाने लगे हैं। ग्रामीण मौ. कासिम, मौ. शफी, शाहरुख खान, मौ. आसिफ, मौ. रजा, मौ. जाफर सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में यह सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है, जिससे बच्चों को स्कूल जाना और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि तत्काल इस सड़क की मरम्मत कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ग्राम प्रधान पर कार्रवाई की जाए, ताकि स्वच्छ भारत अभियान और विकास योजनाओं की असल तस्वीर धरातल पर दिखाई दे सके।

# चंद्रगृहण के चलते दिन में होगी गंगा आरती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर आज चंद्र ग्रहण की वजह शाम को होने वाली आरती दिन में होगी।

**० सूतक काल से पहले ही सम्पन्न कराई जाएगी**

राजघाट के बबराला घाट पर माँ गंगा जनकल्याण समिति द्वारा होने वाली विख्यात मां गंगा की आरती,6 साल में दूसरी बार दिन में होगी। चंद्रग्रहण होने के कारण बबराला घाट पर मां गंगा की दैनिक आरती आज रविवार दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण के सूतक काल से पूर्व ही समाप्त हो जाएंगी।इससे पूर्व 28 अक्टूबर 2023 में ग्रहण के कारण दोपहर में हुई थी। अध्यक्ष अतुल गोयल ने बताया कि 7.सितंबर को चंद्र ग्रहण से पूर्व मां गंगा की आरती अपने परंपरागत तरीके से दोपहर 12 बजे से शुरू होकर सूतक काल से पूर्व सम्पन्न करा ली जाएगी। ऐसा 6 वर्षों में दूसरी बार होगा। जब मां गंगा की आरती दिन में सम्पन्न कराई जाएंगी।

## पत्नी को देह व्यापार में लगाया

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** रूठे दम्पत्तियों को एक कराने के प्रयासों के लिए चल रहे पुलिस परामर्श केन्द्र पर अजीब मामले सामने आ रहे हैं। एक मामला ऐंसा आया जिसे सुनकर काउंसलर और उनकी टीम सुनकर दंग रह गई। पति खर्च देने के बजाए उसे देह व्यापर के गर्त में धकेल दिया था। थाना सम्भल क्षेत्र की एक महिला का पति सिलाई का कार्य करता है अब वो दिल्ली में किसी ठेकेदार के अंडर में कार्य कर रहा है। उसे और उसके बच्चों को खर्चा नहीं देता है और पत्नी को देह व्यापार में लगा रखा है। इससे तंग आ चुकी महिला अब देह व्यापार नहीं करना चाहती हैं उसे उसका पति खर्चे को पैसे आदि दिलाने की मांग की। यह एुनकर काउंसलर दंग रह गए। पति को बुलाया गया लेकिन उसने दिल्ली में होने ओर अगली तिथि पर आकर अपना पक्ष रखने को कहा है।



सम्भल- गंगाघाट राजघाट पर गणेश प्रतिमा विसर्जन पर जानकारी लेते जिलाधिकारी साथ में एसपी।

# प्रतिमाएं विसर्जन को बने विशेष कुंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अनंत चतुर्दशी गणेश चतुर्थी पर विराजमान भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं को विर्जन के लिए बनाए गए विशेष कुंडो में विसर्जित किया गया।

अनंत चतुर्दशी पर श्रृद्धालुओं द्वारा गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विराजमान किया था। दस दिनों से चल रहे पांडाल में विराजमान गणेश जी की प्रतिमाओं के विर्सजन के लिए राजघाट गंगाघाट पर विशेष कुंड बनाए गए। जिसमें गणेश जी की प्रतिमाआं को धूमधाम के साथ विसर्जित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने राजघाट बबराला पहुँच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिमा विसर्जन से संबंधित कुण्डों का निरीक्षण किया और सम्बंधितों को निर्देश देते हुए कहा कि बड़े कुण्ड में स्लोव एवं पक्की सीढ़ी भी बनवायी जाएं जबकि साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि घाट के परिसर में बनी दुकान एवं ठेलों खोमचों आदि के पास डस्टबिन लगें। प्लास्टिक का प्रयोग न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जो भी दुकानदार एवं ठेले खोमचा वाले गंदगी फैलाएं उनसे जुर्माना वसूल करने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा अपने आस पास गंदगी फैलाने वाले दुकानदार एवं ठेला खोमचे वालों पर जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी एवं खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कांत, खण्ड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक के बाग तक पहुंची बुलडोजर जस्टिस की गर्जना

**०बाग में साढ़े तीन बीघा सरकारी भूमि होने के आरोप**
**०उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में भूमि का चिंहांकन कर बुलडोजर से लगाए निशाने**
**०बिना अनुमति कटल का पेड़ कटा मिला**



सम्भल- विधायक के आम के बाग में बुलडोजर से निशान लगवाते एसडीएम।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धर्म स्थलों कब्रिस्तानों और अतिक्रमण के अलावा अवैध कब्ज़े वाले स्थलों पर बुल्डोजर की गरजना पूर्व काबीना मंत्री के बाग तक पहुंच गयी। तीन बीघा सरकारी भूमि बाग में होने के को लेकर उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में चिन्हीकरण कर बुल्डोजर से सीमांकन किया गया।

शनिवार को उपजिलाधिकारी विकास चंद्र व तहसीलदार टीम के साथ बुल्डोजर जस्टिस लेकर मंडलाई स्थित पूर्व काबीना मंत्री व सदर विधायक इकबाल महमूद के आम के बाग पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी विकास चंद ने बताया कि सदर विधायक के आम के बाग में सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने की शिकायत मिली थी। जिस पर गाटा संख्या 198 और 222 वाला यह बाग इकबाल महमूद, मौहम्मद जैद, मौहम्मद जुनैद, फैज इकबाल, मौहम्मद असलम, सुहैल इकबाल और शान इकबाल के नाम दर्ज हैं। इन दो नम्बरों वाले बाग के बीच में गाटा सं. 221 बजंर, 221 ख गूल, का नम्बर और 271 व 272 चार सरकारी नम्म्बरों का अस्तित्व ही समाप्त कर उन्हे बाग में ही इस्तेमाल किया जा रहा था। उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र ने बताया कि काफी पुराना कब्ज़ा दिखायी दे रहा है। कब्ज़ा कब किया गया इसकी कोई तिथि बता पाना सम्भव नहीं है। अलबत्ता बाग पर कब्ज़ा पुराना है। उन्होने बताया कि लगभग साढ़े तीन बीघा सरकारी भूमि है जिस पर अवैध रूप से कब्ज़ा किया गया था। उन्होने बताया कि बाग की नापजोख करने के दौरान एक कटहल का पेड़ भी बिना किसी अनुमति के काट लिये जाने की जानकारी मिली है। इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है। वन विभाग के अधिकारी आकर यहां का स्थलीय निरीक्षण करेंगे और पेड़ काटने के सम्बंध में जो भी कार्रवाई होगी की जायेगी।

## वैश्य समाज का विवरण एकत्र करेगा मंच

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** वैश्य एकता मंच बैठक में मंच के लैटर पैड को अन्तिम रूप दिया और पंजीकरण कराने का निर्णय लिया गया।

मंच के उपाध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय के आवास पर आयोजित बैठक में सदस्यों से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से मंच के लेटर पैड को अंतिम रूप दिया गया जबकि नवरात्रों में विभिन्न चौराहों पर फ्लेक्सी होडिंग लगाने का का निर्णय लिया गया। बैठक में मंच का पंजीकरण कराने के के निर्णय के साथ वैश्य समाज का विवरण एकत्र करने के लिए एक रसीद बुक का प्रारूप बनवाने का निर्णय लिया गया। जबकि वैश्य समाज के हित के लिए भविष्य में कुछ कार्यक्रम करने के लिए कुछ नियमों का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मंच को सशक्त रूप से चलाने के लिए कुछ नियमों का प्रस्ताव पारित किए गए। वैश्य एकता मंच की बैठक में वीरेंद्र गुप्ता, अजय कुमार सर्राफ, आकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल प्लाई वुड सचिन गुप्ता, संजय गुप्ता, अवधोश वार्ष्णेय, राजुल गुप्ता, पुलकित गुप्ता अमित कुमार, अजय गुप्ता, अक्षित अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किशोरी को दो बार सांप ने डसा, मौत

**०किशोरी को डसकर सांप बाइक के टांपे में जाकर छिपा, रेस्क्यू कर सांप को पकडा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम धनेटा सोतीपुरा में उस समय हड़कंप मच गया जब कमरे में सो रही 17 वर्षीय किशोरी को कोबरा सांप ने दो बार डस लिया। आनन फानन में परिजन सांप को पकड़ने वाले को बुलाकर लाय और जहरीले सांप को काबू में किया। किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ग्राम धनेटा सोतीपुरा निवासी होराम सिंह की पुत्री अंजली गुरुवार देर रात अपने घर के कमरे में सो रही थी। भोर करीब तीन बजे अचानक कमरे में घुसे कोबरा सांप ने उसे गर्दन पर दो बार काट लिया। अंजली की चीख-पुकार सुनकर घरवालों की नींद टूटी। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, सांप कमरे के कोने में जाकर बैठ गया और फिर मोटरसाइकिल के टापें में जाकर छिप गया। परिवार के लोग घबराए हुए थे और तुरंत अंजली को प्राथमिक उपचार के लिए टांडा ले गए। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर अंजली के फुफेरे भाई टीटू ने हयातनगर से सांप पकड़ने वाले को बुलाया। सांप पकड़ने वाला मोटर साइकिल के टापा खोलकर कोबरा सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ने में सफल रहा। कोबरा के पकड़ में आते ही लोगों ने राहत की सांस ली। मोहम्मदपुर टांडा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने अंजली की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सम्भल के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में जिला अस्पताल से रेफर किया गया। इस दौरान कोबरा सांप को भी डिब्बे में बंद करके अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में किशोरी ने देर सांय दम तोड़ दिया।

## एक नज़र इधर भी

### पिकअप ने दो को रौंदा, एक की मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बोलेरो पिकअप ने दो किशोरो को रौंद दिया।जिसमें एक की मौत हो गयी।जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया।
आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुन्नौर हीरापुर (इटउआ) पेट्रोल पंप के पास बोलेरो पिकअप बबराला की तरफ से आ रही थी। उस बोलोरो पिकअप ने दो किशोर मनीष पुत्र दानवीर व बीरेश पुत्र गुड्के निवासी मोहल्ला कोठी गुनौर को रौंद दिया। दोनो घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां चिकित्सक ने मनीष को मृतक घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल वीरेश को उपचार देकर घर भेज दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पीएम को भेज दिया। बोलोरो पिकअप व चालक, परिचालक दोनों को पुलिस के कब्जे में लिया। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### रामा कॉन्वेट स्कूल संस्थापक के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** रामा गौशाला व रामा कन्वेंट स्कूल बबराला के संस्थापक जगदीश गौतम का आकस्मिक निधान हो गया है। उनके आवास पर जाकर लोगों ने शोक व्यक्त किया।
नगर के वार्ड 12 निवासी जगदीश गौतम बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज में क्लर्क पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने नगर में रामा कान्वेंट स्कूल व रामा गौशाला स्थापित की। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सर्पदंश से महिषवंशीय पशु की मौत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भला।** थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर उत्तमा निवासी राजवीर सिंह पुत्र स्व. शंकरसिंह सुबह करीब 10:00 बजे भैंस को चराने जंगल ले गए थे। तभी चराते समय जहरीले सांप ने भैंस को काट लिया और मौके पर भैंस की मौत हो गई। राजवीर सिंह ने बताया कि मैं अपने घर का पालन पोषण दूध बेचकर करता था। वह उसकी आज सांप के काटने से मौत हो गई।

### रंगारंग प्रस्तुतियों संग शिक्षिकाएं सम्मानित



**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** शिक्षकों के सम्मान में रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं ने सममानित किया।

नवाब महमूद गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों की कार्यशैली पर छात्राओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि एक शिक्षक देश का निर्माता होता है। छात्राओं ने शिक्षिकाओं को उपहार देकर उनकी प्रशंसा की। इस दौरान प्रणनाचार्य रफत जहां ने सभी का आभार जताया। उन्होने शिक्षक का सममान हमेशा करने को प्ररित करते हुए शिक्षका की गरिमा को बरकरार बनाए रखने पर ज़ोर देते हुउ कहा कि शिक्षक ही इंसान बनाताा है। सईद अख्तर इसराइली ने कहा कि गुष ही शिष्यों के भविषण का निर्माण करता है। माता-पिता से ऊपर इसलिए ही गुरूको स्थान दिया गया है। इस मौके पर गौहर अफशां,शहनाज जमील, सईदा निकहत, शहाना बेगम, निदा, खिजरा आदि रहीं।

# मानदेय में बढ़ोत्तरी से शिक्षामित्रों के परिवारों में हर्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शिक्षक दिवस पर शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी पर हर्ष है। शिक्षा मित्र संघ के प्रवक्ता रविन्द्र खारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी ने शिक्षामित्र/ अनुदेशकों को कैशलेंस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा के साथ ही 8 वर्ष से मानदेय बढ़ोतरी की बाट जोह रहे उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र अनुदेशकों को भी मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के मौके पर मानदेय बढ़ाने की घोषणा की है। इससे शिक्षामित्र अनुदेशक परिवार जो आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर हो गई थी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस घोषणा से शिक्षा मित्रों अनुदेशकों को कुछ राहत की उम्मीद जाग गई है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ लंबे समय से मानदेय बढ़ोतरी की मांग कर रहा थे। 25 जुलाई 2017 को जब से शिक्षा मित्र समायोजन रद्द हुआ है तभी से लगातार शिक्षामित्र मात्र 10000 दस हजार अल्प मानदेय में काम करने को मजबूर थे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस घोषणा से अब शिक्षामित्र और अनुदेशक के परिवार में खुशियों की लहर आयी।

## गुणवत्ता परख किया जाए शिकायतों का निस्तारण: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने समस्याओं को सुना और उनका गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। गुन्नौर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व एसपी के के विशनोई ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अंश निधारिण से संबंधित शिकायतों पर जांच को लेकर भी संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# हुजूर की यौमे पैदाइश पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हजरत मुहम्मद (स. अ.) के 1500 वे यौमे पैदाइश (जन्म दिवस) पर डीएसआर हॉस्पिटल के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया गया। शिविर मरीजों को देखकर उचित परामर्श दिया और मरीजों का ईसीजी कराकर कार्डियक चेक अप किया।

नगर के बहजोई रोड स्थित डीएसआर हॉस्पिटल पर आयोजित शिविर का उदघाटन चिकित्सक व प्रसिद्व समाजसेवी डा. शाने रब ने किया। शिविर में डा. शाने रब और डा. हुमा मकसूद, डा. अतहर परवेज, डा. शाहनवाज आदि चिकित्सकों ने दिल, सांस, खांसी, नजला जुकाम और दीगर मौसमी रोगों से संबंधित मरीजों का निशुल्क चैकअप किया और परामर्श दिया। इस मौके पर 25 मरीजो की ईसीजी की गई और 10 मरीजों कि पैथोलॉजी जांच की गई। कुल 100 मरीजो को परामर्श



सम्भल-पैगम्बर की पैदाईश पर फ्री मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक।

दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में मशहूर कोर्डियोलर्क्जिस्ट डा. शाने रब, जर्नल फिजीशियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. हुमा मकसूद, डा. अतहर, डा. शाहनवाज और हॉस्पिटल का पैरा मेडिकल स्टाफ तथा डीएसआर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के सदस्य आमिर सुहैल, मीर शान, यूनुस रजा, नवेद शान, मु. यासिर, मुज्जसिम, अबू सुफ़ियान, विशाल, पिंकी, अरीबा, सिमरन, नाजिया राजकुमारी, रियाजउल, अब्दुल रहीम आदि रोगियों की सहायता एवं सहयोग करने मे मुख्य रूप से मौजूद रहे। समापन पर डीएसआर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के अध्यक्ष डा शाने रब और उपाध्यक्ष ड. हुमा मकसूद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह और उनकी फाउंडेशन समय समय पर निरुशुल्क स्वस्थ्य शिविर लगाकर समाज के कमजोर तबके के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखेंगे और और उनको इलाज मुहैया कराते रहेंगे।

# उर्स मेले देते हैं भाईचारे व सौहार्द का पैगाम: नुसरत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शांति सौहार्द और आपसी भाईचारे का पैगाम लेकर कलियर शरीफ हजरत मखदूम अलाउद्दीन साबिर पाक के उर्स मेले में पहुंचे भारतीय सद्भावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक और सम्भल नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष हाजी नुसरत इलाही ने मेरे में आए लोगों की हुसैनी आशियाना लगाकर सेवा की। जबकि अमन की चादर चढ़ाकर भाईचारे व एकता और सौहार्द की दुआ की। इस दौरान जायरीनों की सेवा को लगाए गए शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर का लुत्फ लिया। हाजी नुसरत इलाही ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि साबिर पाक के उर्स में दुआ की गई है कि हमारे मुल्क ओर सम्भल शहर में आपसी भाईचारा, शांति सौहार्द बना रहे। हम सब



सम्भल- उर्स मेले में जायरीनो की सेवा को शिविर में नुसरत इलाही को पगड़ी बांधते।

हिंदुस्तानी है और एक दूसरे के साथ मिलकर रहते हैं। तत्पश्चात हाजी नुसरत इलाही ने गुलशाद सिद्दीकी, बबलू सिद्दीकी के साबरी निजामी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं तथा मेहमानों के साथ गुफ्तगू की। इस मौके पर वाहिद खान, मुस्तफा खान, अरकान कुरैशी, यासीन खान, अरकान कुरैशी, फैजान कुरैशी, अजीम खान आदि शामिल रहे। इसके अलावा डा. वसीम, मोहम्मद आलम, डा. तनवीर, ताजवर, मन्नान पठान आदि शामिल रहे।

# शिक्षकों ने कोर्ट से पुनर्विचार करने का किया आग्रह

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न शिक्षकों से सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में राय ली। शिक्षक रवि शर्मा ने कहा कि यह फैसला सेवा नियमावली के विरुद्ध है। सुप्रीम कोर्ट ने ही एक फैसले में कहा कि विज्ञप्ति के बाद और नियुक्ति होने के उपरान्त कोई भी शैक्षिक योग्यता न बढ़ाई जा सकती है और न घटाई जा सकती है, ऐसी दशा में नियुक्ति के इतने बर्ष बाद योग्यता को बढ़ाना न्याय पूर्ण नहीं है। अमित यादव ने कहा कि नियुक्ति के दस साल बाद शैक्षिक योग्यता बढ़ाना किसी के भी समझ से परे है। इस निर्णय को






लेकर असंतोष व्यक्त किया एवं सुप्रीम कोर्ट से निर्णय का पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। शिक्षक रानू गुप्ता ने कहा कि कोर्ट टैट को अनिवार्य बता रही है कल सुपर टैट को भी अनिवार्य वता देगी। नियुक्ति के बाद में योग्यता बढ़ाना अनुचित है। सेवानिवृत्त शिक्षक हरेश वावू शर्मा ने कहा कि टैट को ही शिक्षक की योग्यता मानना अन्य शिक्षकों का अपमान है। माता पिता भी बच्चों के शिक्षक होते हैं। वह टैट पास नहीं होते परंतु अपने अनुभव से बच्चों को उचित संस्कार और शिक्षा देते हैं। न्यायालय का निर्णय अनुभव को दरकिनार कर रहा है। ऐसे में इसमें पुनर्विचार आवश्यक है ऐसे में 25 व 30 साल से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के मन में अत्यंत रोष है एवं वह भविष्य में होने वाले परिवर्तनों को लेकर चिंतित है।

# संविदा पर रखे जायें बीएड डिग्री धारक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बीएड डिग्रीधारियों ने प्रदेश सरकार से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में संविदा के आधार पर नियुक्ति की मांग की हैबीएड डिग्रीधारियों ने कहा कि बीएड अनुदेशक भी विद्यालय में रखे जाने चाहिए। नगर में हुई बैठक में बीएड डिग्रीधारियों ने कहा कि प्रदेश में बेसिक व् उच्च प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। बहुत से विद्यालय शिक्षकों के अभाव में बमुश्किल चल पा रहे हैं। ऐसे में बच्चों की शिक्षा का हृास हो रहा है। एक शिक्षक सभी कक्षाओं को कैसे पढ़ा पाता होगा यह सभी जानते हैं। सभी लाभकारी योजना चलाने के बाद में शिक्षा का स्तर नहीं सुधर पा रहा है। हाल यह है कि बच्चे मिड डे मील खाकर खेल कूद कर घर लौट आते हैं। शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं नियमित व सही शिक्षा को बीएड शिक्षकों को संविदा पर नियुक्ति प्रदान की जाए। इससे शिक्षकों की कमी पूरी होगी और शिक्षा का स्तर सुधार सकेगा।

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने अपनी पुत्री फराह का विवाह शान मौहम्मद पुत्र स्व. बाबू अशरफ नि. पेपटपुरा थाना नखासा के साथ कर दिया था। मेरा दामाद शान मौहम्मद गलत संगत में पड़ गया है और वह मुझे व मेरे परिवार को काफी परेशान किया हुआ है। मैने व मेरे परिवार ने शान मौहम्मद से अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। शान मौहम्मद किसी से कोई भी पैसे का लेनदेन करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। मैं मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**शाहनवाज अख्तर पुत्र अब्दुल कुददूस**
नि. हुसैनी रोड नखासा जनपद-सम्भल

# महानगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित हुई पीईटी की परीक्षा

## ● शहर में आज भी आयोजित होगी परीक्षा, रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर रही परीक्षार्थियों की भारी भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में पीईटी की परीक्षा शनिवार को दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। वहीं परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहले ही सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया था, हालांकि मुरादाबाद जनपद में पीईटी की परीक्षा दो दिन शनिवार और रविवार को आयोजित होगी।

पीईटी की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए एक और जहां उत्तर प्रदेश परिवहन राज्य निगम द्वारा अतिरिक्त रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है,तो वहीं रेलवे द्वारा भी 2 दिन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, ताकि परीक्षार्थियों को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और वह अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सके।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) महानगर में 52 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है। परीक्षा में लगभग 95712 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं।





पीईटी की परीक्षा महानगर में दो दिन शनिवार और रविवार को दो पालियों में आयोजित होगी।शनिवार को पहली पारी की परीक्षा महानगर के सभी 52 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होते ही गेट पर छात्रों और अभिभावकों की भीड़ जमा हो गई। वहीं परीक्षा छूटने के बाद शहर के कई इलाकों में जाम की स्थिति भी देखने को मिली हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती सभी चौराहों पर की गई थी। परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था सख्त थी और दो पालियों में शनिवार को परीक्षा संपन्न हुई। पेपर देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर आसान था।

शनिवार को सुबह की पहली पाली 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। परीक्षा के लिए 52 सेक्टर व 52 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक हुई।सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से 30 मिनट पहले तक ही परीक्षार्थियों की एंट्री दी गई।

## एक नजर

### पुरानी सब्जी मंडी में सीरतन नबी के जलसे का हुआ आयोजन



**कांठ।** पुरानी सब्जी मंडी में सीरत कमेटी के तत्वाधान में गत वर्षो की भांति रात को सीरतन नबी के जलसे का आयोजन किया गया जलसे का शुभारंभ कारी नौशाद आलम की तिलावत ए कलाम पाक और नात पाक पेश करने से हुआ मुरादाबाद से आए मुफ्ती मोहम्मद अजमल ने अपनी तकरीर में नबी की पाक तालीम पर अमल करने का बल दिया। उन्होंने कहा कि आज युवा नशे जैसी लत में पड रहे हैं नशा बहुत सी बुराइयों को जन्म देता है उनका कहना था कि युवाओं को नशे जैसे मार्ग से हटाकर हम सब की जिम्मेदारी है उन्हें शिक्षा हासिल करने की और मोड़ा जाए। मुफ्ती मोहम्मद जावेद ने अपनी तकरीर में नबी पाक की पैदाइश पर प्रकाश डाला और कहा कि आप सारी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजे गए हैं जलसे के आयोजन में सीरत कमेटी के सदस्य डॉक्टर मोहम्मद हनीफ हाजी सोनू मोहम्मद अरशद डॉक्टर सुजा. उद्दीन मोहम्मद आतिफ मोहम्मद जावेद सिद्दीकी की अहम भूमिका रही। मौलाना मोहम्मद यामीन ने देश की खुशहाली व तरक्की के लिए दुआ कराकर जलसे का समापन कराया। शहर इमाम मौलाना शोएब मुफ्ती मुजा. हिद मुफ्ती अजमल डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी जुल्फिकार अहमद हाजी शकील अहमद मोहम्मद यूनुस तिवारी डॉक्टर मोहम्मद आरिफ हाजी रिजवान अंसारी मोहम्मद आसिफ अनीस अहमद आरिफ मलिक नईम अहमद अंसारी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सदारत मौलाना मोहम्मद यामीन और संचालन हाफिज मोहम्मद साबिर ने किया

### भारतीय परिवार ने मनाया गणपति महोत्सव

**मुरादाबाद।** भारतीय परिवार ने भगवान श्री गणेश जी की स्थापना के सातवें दिन ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य शोभायात्रा पुष्प वर्षा के साथ निकाली। सप्ताह भर पुरोहित जमुना प्रसाद ने विधि विधान से पूर्जा अर्चना संपन्न करायी। मुख्य यजमान रहे विमला देवी, आदेश भारतीय नीता भारतीय उदित भारतीय एकता भारतीय आदि मौजूद रहे। मुख्य यजमान रहे विमला देवी, आदेश भारतीय नीता भारतीय, उदित भारतीय एकता भारतीय आदि मौजूद रहे। समापन हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। जिसमें लडडू केला सेब एक-2 गमला पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए पेड़ भी दिया। भक्तों ने भजन का भी आनन्द लिया। 'गोदी में उठा लो मेरी मां गजानन्द' छोटे ही है। 'घर में पधारों गजानन्द जी मेरे घर में पधारों' 'कौन कहता है भगवान आते नहीं' 'देना हो तो दीजिए जन्म-2 का साथ' श्री गणेश विसर्जन शोभायात्रा में भक्तों ने जमकर डांस कर एक दूसरे पर गुलाल उड़ाया। सात दिन की पूजन में अग्रिता, मनोज जौहरी, दीपक गुप्ता, अतुल जौहरी, पुनीत, अनमोल, अमन, नमन, शुभ, अग्रिमा शीलू, पाखी, उदित, एकता आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रधान अध्यापिका भुवनेश सम्मानित



**कांठ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ, की प्रधानाध्यापिका भुवनेश को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य डायट कांठ, एम एल सी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, एस आर जी रितु त्यागी, संजय विशाल नेगी, सचिन शुक्ला, ए आर पी आशुतोष शुक्ला, हरीश तिवारी ने प्रधान अध्यापिका को शुभकामनाएं दी और कहा कि आपके निर्देशन में साफ और स्वच्छ माहौल में बच्चे निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। इस अवसर पर अन्य भी शिक्षा से जुड़े काफी लोग मौजूद रहे।

# सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर व शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अल्पना रितेश गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के आगे माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार की कविताएं लेख आदि प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिक्षकों के सम्मान से पूर्व विद्यालय में गत दिनों में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया जिसका विषय था ष्अमे. रिका द्वारा भारत पर लगाया गया अतिरिक्त टैरिफष् यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें सभी विज. ेताओं को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इसी के साथ मुख्य अतिथि अल्पना रितेश गुप्ता और प्रधानाचार्य नन्हे सिंह ने विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों विशाल वर्मा, सुरेंद्र सिंह, संजना बाजपेई,और समरपाल सिंह को स्मृति चिन्ह देकर तथा शॉल पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रवेश प्रभारी जगदीश चंद्र ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य नन्हे सिंह ने कहा कि यह दिन सभी छात्र व शिक्षक के लिए बेहद ही खास होता है। शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं,जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाने, मार्गदर्शन करने व जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारे लिए किसी भगवान से कम नहीं होते हैं। शिक्षक की हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह, कुशाग्र राज,उपासना गुप्ता,गीता यादव, मंजू सिंह, इमरान, मनोज, दीपिका,अजर सिद्दीकी,प्रियंका शर्मा,फरजीन आलम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# टिमिट के शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह

**मुरादाबाद।** टिमिट में रोटरी क्लब मुरादाबाद संस्कार के सहयोग से शिक्षकों के सम्मान का एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह अवसर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रखा गया, जहाँ टिमिट के शिक्षकों को उनके अमूल्य योगदान और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब मुरादाबाद संस्कार की ओर से श्री कुनाल कपूर (क्लब अध्यक्ष), श्रीमति स्मृति कपूर श्रीमती अंशु गुप्ता, एवं श्रीमती ऋचा अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने टिमिट के शिक्षकों को स्मृति-चिन्ह एवं भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज की रीढ़ और छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण की धुरी होते हैं। शिक्षक अपने आचरण, अनुशासन और आदर्शों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करते हैं। यह सम्मान समारोह शिक्षकों के समर्पण, निष्ठा और परिश्रम के प्रति आभार प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम रहा। रोटरी क्लब मुरादाबाद संस्कार की ओर से क्लब अध्यक्ष श्री कुनाल कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में शिक्षक वह दीपक हैं जो स्वयं जलकर दूसरों का जीवन प्रकाशित करते हैं। इस प्रकार का सम्मान समारोह उनके परिश्रम को मान्यता देने और युवाओं के जीवन निर्माण में उनकी भूमिका को



रेखांकित करने का प्रयास है। श्रीमति स्मृति कपूर श्रीमती अंशु गुप्ता, एवं श्रीमती ऋचा अग्रवाल ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि एक सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान से छात्र-छात्राओं के बीच उत्साह और गर्व की अनुभूति देखने को मिली। सभी ने माना कि इस प्रकार का आयोजन न केवल शिक्षकों को प्रेरित करता है बल्कि विद्यार्थियों को भी यह संदेश देता है कि मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य सदैव सराहा और सम्मानित किया जाता है। प्रो. विपिन जैन (डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट) ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक किसी भी राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव होते हैं। वे केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास से परिपूर्ण करते हैं। टिमिट के शिक्षक निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत हैं। रोटरी क्लब मुरादाबाद संस्कार द्वारा शिक्षकों का सम्मान करना न केवल शिक्षकों की मेहनत की सराहना है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणादायी उदाहरण है। मैं रोटरी क्लब के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूँ और हमारे सभी शिक्षकों को इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ

# टीएमयू में भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर विश्व शांति यज्ञ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस एवम् भगवान वासुपूज्य मोक्षकल्याणक महोत्सव पर रिद्धि-सिद्धि भवन में विधि-विधान से विश्व शांति यज्ञ हुआ। प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में पंच परमेष्टि पूजन, समुच्चय चौबीसी जिन पूजा, चंद्रप्रभु भगवान पूजन, श्री वसुपूज्य जिन पूजा, अनंतनाथ भगवान जिन पूजा, दशलक्षण पूजा, रत्न त्रय पूजा, सम्यक दर्शन पूजा का अर्घ्य, सम्यक ज्ञान पूजन हुए।




फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने निर्वाण कांड पढ़ा, जबकि तत्वार्थ सूत्र के अंतिम अध्याय का वाचन श्रीमती ऋचा जैन ने किया। जीवीसी श्री मनीष जैन ने अभिषेक और शांतिधारा करने वाले श्रावक-श्राविकाओं, जबकि ईडी श्री अक्षत जैन ने भोजन व्यवस्था करने वालों को सम्मानित किया। निर्जल उपवास रखने वाले श्रावक श्राविकाओं को भी श्रीमती ऋचा जैन ने सम्मानित किया। श्रीमती अंजलि सिंघई, श्रीमती निकिता जैन, श्रीमती आरती जैन, डॉ. नम्रता जैन ने अष्ट कुमारियों का सम्मान किया। संग-संग लाडु निर्माण करने वाले श्रावक- श्री सौम्य जैन को सम्मानित किया। साथ ही ब्रहमचारिणी डॉ. कल्पना जैन, भोपाल की सचिन जैन एंड पार्टी, प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री, डिजिटल मार्केटिंग के अंकित जैन आदि को भी सम्मानित किया गया। दूसरी ओर 07 सितंबर रविवार को टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के आवास- संवृद्धि पर सुबह सात बजे से पारणा होगा, जिसमें जैन फैकल्टीज के संग-संग श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे, जबकि शनिवार की देर शाम को रिद्धि-सिद्धि भवन में 1008 दीपों से महाआरती होगी। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस पर स्वर्ण कलश से श्रीजी के अभिषेक का सौभाग्य एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन को मिला। प्रथम स्वर्ण कलश से वीसी, द्वितीय और चतुर्थ स्वर्ण कलश से एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, तृतीय कलश से श्री ऋतिक जैन ने अभिषेक करने का पुण्य कमाया। श्रीजी की प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का सौभाग्य ईडी श्री अक्षत जैन को मिला। द्वितीय रजत शांति धारा का सौभाग्य श्री सिद्धार्थ जैन, सौम्या जैन, श्री हर्षित जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री अक्षत जैन, श्री अजजीत जैन, श्री आदित्य डाखोरे, श्री आदित्य जैन को मिला। साथ ही अष्ठ प्रातिहार्य का सौभाग्य अष्ठ कन्याओं- अंजलिना, भूमि, स्तुति, शिवानी, मान्या, रिदम, छवि, प्रिंसी आदि को मिला। वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक का प्रथम लाडू चढ़ाने का सौभाग्य प्रो. विपिन जैन, श्री वीर प्रताप जैन, युक्ति जैन, श्री हर्ष जैन, श्री अनमोल जैन, श्री आर्जव जैन, श्री पर्व जैन, श्री वर्धन जैन, चाहत जैन, श्री दिव्यांश जैन, श्री दिव्यांश जैन, श्री सम्यक जैन ने प्राप्त किया। द्वितीय लाडू चढ़ाने का सौभाग्य श्री संभव जैन, श्री विशाल जैन, श्री संयम जैन, श्री गौरव जैन, अनाया जैन, नियति जैन, श्री राज. कुमार जैन, श्री अक्षत जैन, श्री निखिल जैन, श्री सुब्रत जैन, पायल जैन, श्री निशंक जैन को मिला। भक्तांबर पाठ का वाचन हर्ष और अर्श जैन ने किया। दूसरी ओर उत्तम आकिंचन्य धर्म की पर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण के साथ ऑडी में सांस्कृतिक संध्या का श्रीगणेश हुआ। इससे पूर्व दिव्य घोष के बीच श्रीजी की आरती जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक ले जाने का सौभाग्य टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन को मिला। मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुति में तीर्थंकरों के गुणों और आदर्शों को दर्शाया गया। टिमिट स्टुडेंट्स ने 30 मिनट की नाट्य प्रस्तुति जियो और जीने दो के जरिए जैन दर्शन का अति महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किया। हमें स्वयं भी शांति से जीना है और दूसरों को भी जीने का अधिकार देना है। इसमें अहिंसा, करुणा और परस्पर सहयोग का भाव प्रमुख रहे। थीम डांस परफॉर्मेंस यह सामूहिक नृत्य से जैन धर्म के सिद्धांतों को कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया। 20 मिनट के नुक्कड़ नाटक में हास्य-व्यंग्य के जरिए सामाजिक और आध्यात्मिक संदेश दिया। अंतिम वर्ष के जैन छात्रों को स्मृति-चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एडीएम प्रदीप वर्मा व उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया। सबसे अधिक शिकायत भूमि विवाद को लेकर रहीं। कैथल के रहने वाले लखपत द्वारा शिकायत की गयी कि उनकी बेटी को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए परेशान किया जाता था तथा मृत्यु होने पर आनन-फानन में ससुराल वालों ने बिना बताए ही दाह संस्कार कर दिया। थाना कुढ़फतेहगढ़ के रहने वाले हरपाल पुत्र सूखा द्वारा लोहे की रॉड से मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई। धर्मपुर रत्ता के रहने वाले पुलेन्द्र पुत्र राजेन्द्र ने पड़ोसियों द्वारा इण्डिया मार्का नल को खराब कर पानी न निकलने देने की शिकयत की। संपूर्ण समाधान दिवस में दोपहर 02 बजे तक कुल 65 शिकायतें दर्ज हुई तथा 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गय जिसमें राजस्व विभाग की 21, पुलिस विभाग की 12, चकबन्दी 05, विकास विभाग 08, खाद्य एवं रसद विभाग की 03, समाज कल्याण विभाग आदि सहित कुल 65 शिकायत दर्ज हुईं।

### सेवानिवृत्त शिक्षक राम सिंह विश्नोई का 98 साल की उम्र में निधन



**कांठ।** ड़ीएसएम इंटर कॉलेज से सेवा निवृत हुए मास्टर राम सिंह बिश्नोई का 98 साल की उम्र में शुक्रवार की रात को निधन हो गया उनके निधन की जानकारी मिलने पर उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई दोपहर को उनका अंतिम संस्कार किया गया। बतादें की मास्टर राम सिंह अपने जमाने के तहसील ठाकुद्वारा के प्रथम साइंस ग्रेजुएट बीएससी गणित थे।उन्होंने शिक्षण कार्य करते हुए क्षेत्र के बच्चों को काँठ ले जाकर अपने घर पर रखकर पढाने के बाद सरकारी नौकरियों में भर्ती कराया। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव बैरमपुर में जन्मे स्वर्गीय गुरुजी ने सेवा निवृत्ति के उपरांत कांठ में ही काफी समय बिताया। बताया गया कि उनकी इच्छा के अनुसार ही निर्धारित श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने शोक संतृप्त परिवार के लिए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

### सैनी धर्मशाला में स्थापित गणपति को दी विदाई



**कांठ।** सैनी धर्मशाला में विराजमान भगवान गणेश को आज पूरे विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ ही विदाई दे दी गई एक सप्ताह पहले भगवान गणेश को सैनी धर्मशाला में स्थापित किया गया था, जहां पर विधि अनुसार उनकी निरंतर पूजा की जा रही थी आज सुबह धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उनकी विदाई शोभा यात्रा निकाली गई और रामगंगा नील सरोवर पर जाकर उन्हें विसर्जित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता राजपाल सिंह प्रजापति सहित काफी महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

# पर्यूषण पर्व का दसवां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं अनंत चतुर्दशी के रूप में मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बिलारी में प्रातः काल सभी जैन अनुयायियों द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का शुद्ध जल से अभिषेक किया गया उसके उपरांत श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शुद्ध जल से शांति धारा की गई आज विशेष पूजा रही अनंत चतुर्दशी श्रीवासपूज्य भगवान श्री पार्श्वनाथ भगवान श्री महावीर स्वामी नव देवता दस लक्षण धर्म सोलह कारण सम्यक दर्शन अष्टांग समग्दर्शन रतनतृय आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजा भी की गई आज बड़ी संख्या में अनंत चतुर्दशी के व्रत रखकर देश की खुशहाली एवं तरक्की की कामना की गई उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए कौशल जैन ने बताया कि पर नारी में माता बहन का आदर लाना व्यवहार ब्रह्मचर्य है तथा अपने ब्रह्म स्वरूप में आत्मा का रमण करना निश्चय ब्रह्मचर्य है हमें उत्तम ब्रह्मचर्य का पालन करके अपनी आत्मा में रमण करना चाहिए



भूमिगत जल पवित्र होता है पतिव्रता स्त्री पवित्र होती है धर्म पर तत्पर राजा पवित्र होता है एवं ब्रह्मचारी सदा पवित्र होता है।

इस अवसर पर मंदिर में उपस्थित रहे राकेश जैन कौशल जैन, आदीश कुमार जैन, पारूल जैन (अग्रवाल), विनोद जैन संजय जैन समीर जैन पवित्र जैन विपुल जैन रजत जैन यश जैन आर्यांश जैन तनिष्क जैन दर्शील जैन प्रतीक जैन अरिहंत जैन यश जैन शशांक जैन तनिष्क जैन तंदुल जैन व रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन शगुन जैन कल्पना जैन रेनू जैन मानसी जैन शशि जैन लवी जैन सुरभि जैन आरभ जैन मिशिता जैन आशा जैन निधि जैन नेहा जैन खुशी जैन राजीव जैन सर्वांग जैन आदि मौजूद रहे।

# टांडा अमरपुर में हुआ ईद मिलादुन्नबी कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने फीता काटकर किया शुभारंभ

■ कॉन्फ्रेंस में रसूले अकरम की सुन्नतों पर चलने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के निकटवर्ती गांव टांडा अमरपुर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें उलेमा हजरात ने मुस्तफा की हालत ए जिंदगी पर बयान किया और उनकी सुन्नतों पर चलने का आह्वान किया।




बीती देर शाम कॉन्फ्रेंस की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने फीता काटकर की, इस मौके पर हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट ने तिलावत ए कुरान से जलसे का आगाज किया।

कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे मौलाना निजामुद्दीन मुरादाबादी ने नूरानी खिताब किया, उन्होंने नबी ए करीम मोहम्मद मुस्तफा की योमे पैदाइश के ताल्लुक से बयान किया और उनकी जिंदगी के ताल्लुक से नूरानी खिताब किया, उन्होंने कहा कि नबी ए करीम सारे जहां के लिए रहमतुल आलामिन बनकर आए। हमारे नबी सब नबियों के इमाम भी हैं और अल्लाह के महबूब भी हैं। कार्यक्रम में मौलाना दानिश रजा रामपुरी ने नबी ए अकरम की शान में नात शरीफ पेश की। कॉन्फ्रेंस के अंत में सलातो सलाम के बाद मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई। इस दौरान मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष छात्र नेता मोहम्मद आदिल सलमानी, ग्राम प्रधान महबूब हुसैन, शमशाद सलमानी, बबलू मलिक, मकसूद दीवान जी, नसीम सलमानी, शौकीन सलमानी, आले हसन मलिक, मुन्ने इदरीसी, इदरीश मलिक आदि सहित अनेक गांव वासी मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस की सदारत इमाम मस्जिद मौलाना उस्मान अली ने की।

# सर्किट हाउस में विधायक रामवीर सिंह ने विद्युत अधिकारियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कुंदरकी/मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर अशोक कुमार चौरसिया, सीनियर इंजीनियर कुंदरकी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त एक्सइएन, एसडीओ एवं जेई के साथ के सर्किट हाउस में विधानसभा की विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर बैठक की। बैठक में विधायक ने कहा कि प्रत्येक बिजली घर उपकेन्द्र पर 90 दिन के कैंपों का रोस्टर बनाएं जिससे प्रत्येक ग्राम में विद्युत विभाग के कैंप लगाए जा सके।

कैंपों के माध्यम ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान भी कराया जाए। विद्युत लाइन में अवरोध बन रहे पेड़ों की कटाई करके लाइन को साफ किया जाए।

खराब मीटरों को बदला जाए और लोड के अनुसार ट्रांसफॉर्मर्स की क्षमता बढ़ाई जाए। इसके अलावा बड़ी तादाद में जनता ने भारी भरकम बिजली बिल की शिकायत की है। जिसका निराकरण विद्युत विभाग को रीडिंग करवा कर जल्द से जल्द करना चाहिए। कार्यकर्ताओं से उचित व्यवहार करें उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हो तो मेंटेनेंस के लिए विद्युत आपूर्ति बंद करने से पहले सोशल मीडिया या अखबारों के माध्यम से जनता को पूर्व में सूचना दी जाए। जिससे वह परेशान ना हों।

विधायक ने कहा कि बिजली कार्यालय की खासकर फोन नहीं उठाने व संतोषजनक जवाब नहीं देने की शिकायतें भी सामने आती रही है।

इस पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से उचित व्यवहार करने को कहा। बैठक में ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे नवदीप यादव, सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, बबलू जाटव, संजय कश्यप सहित सभी मंडल महामंत्रियों ने भी अपने क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। चीफ इंजीनियर अशोक चौरसिया ने आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही कुंदरकी विधानसभा सभी विद्युत समस्याओं का निस्तारण पूरी ईमानदारी के साथ किया जाएगा

## जन्मदिन की पार्टी के दौरान अश्लीलता फैलाने वाले तीनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने बेखोफ है किसी नियम और धाराओ को दरकिनारे करते हुए कोचिंग सेंटर/विशडम एकेडमी पर अश्लील वीडियो वायरल के मामले में मुख्य आरोपी एकेडमी संचालक को पुलिस ने शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर एसडीएम ने सुनवाई के आरोपी को जेल भेज दिया है। नगर में पुराने एसडीएम कोर्ट रोड स्थित विशडम एकेडमी पर जन्म दिन की पार्टी के दौरान मौजूद छात्र और छात्राओं के साथ पार्टी में अश्लीलता फैलाने और वीडियो पर वायरल हो गई। वीडियो वायरल होने पर बजरंग दल के सह मंत्री पंकज पाल ने पुलिस को तहरीर देकर अश्लीलता फैलाककर शिक्षा और गुरू के नाम को शर्मसार करने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने अपनी बेहतरीन भूमिका निभाते हुए अश्लीलता फैलाने वाले मुख्य आरोपी एकेडमी संचालक को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने फिर अपने अधिकार को खेल खेलते हुए मुख्य आरोपी फैराज आलम और आदिल पुत्र रहीस खान निवासी मोहल्ला अली खां काशीपुर व नगर के वार्ड 15 मोहल्ला मछली बाजार को शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर एसडीएम प्रीति सिंह ने सुनवाई करते हुए अश्लीलता फैलाने वाले मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया है।

# शिक्षा विभाग में घोर भ्रष्टाचार व रिश्वत खोरी

**■ बीएसए कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ लगातार भ्रष्टाचार पर सख्ती बरतने के दावे करते हैं, मगर शिक्षा विभाग पर इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। स्थिति यह है कि स्थानांतरण हो या फिर विभागीय जांच, बिना रुपये और रिश्वत के कोई भी कार्य पूरा नहीं होता। खंड शिक्षा अधिकारी और कार्यालय में बैठे बाबू रिश्वतखोरी में खुलेआम लिप्त हैं। आलम यह है कि शिक्षक को वेतन बनवाना हो, ज्वाइनिंग करानी हो या अन्य विभागीय कार्यकृसभी के लिए सुविधा शुल्क अनिवार्य कर दिया गया है। बीएसए कार्यालय तो भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है।

सूत्र बताते हैं कि इस खेल में केवल बाबू ही नहीं बल्कि कुछ पुराने अध्यापक भी शामिल हैं, जो अधिकारियों पर पकड़ बनाकर सीधे-साधे शिक्षकों से रुपये ऐंठते हैं। शिक्षा विभाग में इस कदर अव्यवस्था है कि जहां गुरु बच्चों को शिक्षा देकर सम्मान अर्जित करता है, वहीं इन्हीं भ्रष्टाचारी बाब. ुओं और दलालों के सामने वह मजबूर हो जाता है।

दिलचस्प बात यह है कि अधिकारियों से अधिक चढ़ावा उनके बाबुओं और चालकों तक पहुंचता है और अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनदेखी करते हैं। जून माह में जब शिक्षक स्थानांतरण की प्रक्रिया हुई, तो जानबूझकर कई शिक्षकों की ज्वाइनिंग में देरी की गई। आरोप है कि दलाल सक्रिय होकर स्कूल में ज्वाइनिंग कराने के नाम पर 30 से 60 हजार रुपये तक वसूलते रहे। यह वसूली यहीं खत्म नहीं हुई और वेतन से संबंधित कार्यों के लिए भी बाबू के कार्यालय में 2000 से 5000 रुपये तक की रिश्वत ली जाती है। सूत्रों के अनुसार पूरा खेल बीएसए कार्यालय की शह पर चलता है। बाबू पहले एजेंटों को फोन करते हैं और फिर एजेंट अध्यापकों से संपर्क कर सौदेबाजी तय करते हैं। अब यह भ्रष्टाचार जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की निगाह में आ चुका है। हाल ही में गुन्नौर क्षेत्र के नंदरौली गांव के शिक्षक बनवारीलाल ने गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। बनवारीलाल ने बताया कि वह वर्ष 1996 से शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। वर्ष 2022 में कुम्हरों गांव के परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात किए गए थे।

उस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया, जिसमें अनियमितताएं पाई गईं और उनका वेतन रोक दिया गया। इसी बीच शिक्षक पैरालाइसिस से पीडिघ्त हो गए और विद्यालय नहीं जा पाए। बनवारीलाल का आरोप है कि इसके बाद बीएसए कार्यालय के लिपिक संदीप कुमार ने उनसे डेढ़ लाख रुपये की मांग की। मजबूरन उन्होंने यह रकम दे भी दी, मगर इसके बावजूद ज्वाइनिंग नहीं कराई गई। लिपिक ने टालमटोल शुरू कर दी और यहां तक कि दुष्प्रेरित करने का प्रयास भी किया। कुछ समय बाद बीएसए का चालक मोहकम उनके संपर्क में आया और 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगते हुए ज्वाइनिंग कराने का आश्वासन दिया। शिक्षक ने 50 हजार रुपये और दे दिए, परंतु कार्य फिर भी नहीं हुआ। थक-हारकर शिक्षक ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की और बीएसए कार्यालय के चालक मोहकम को गिरफ्तार कर लिया।

हालांकि लिपिक संदीप कुमार अभी फरार बताया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। साफ है कि मुख्यमंत्री की सख्ती का खौफ विभागीय भ्रष्टाचारियों पर नहीं है।

## एआईएमआईएम के नगराध्यक्ष का शांति व्यवस्था भंग करने में हुआ चालान



**भोजपुर।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नगराध्यक्ष शराफत अली को देर रात पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान कर दिया। शुक्रवार की आधी रात को कस्बे के दलित समाज के लोगों ने नगराध्यक्ष शराफत अली के आवास पर जाकर हंगामा खड़ा कर दिया। मामला दो संप्रदाय के बीच होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। कस्बा चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह भारी पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे।

उस समय मौके पर तमाशबीनों की भारी भीड़ जमा थी। पुलिस ने उन्हें घर जाने को कहा पर वह वहीं पर डटे रहे। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को मौके से खदेड़ा। पुलिस ने हंगामा कर रहे दलितों से बातचीत करने के बाद नगराध्यक्ष शराफत अली पुत्र अब्दुल अजीज से गेट का ताला खुलवाकर हिरासत में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया पहले से ही शादीशुदा नगराध्यक्ष ने दलित समाज की युवती को अपने प्रेमजाल में फांस रखा है। इस वजह से उनकी पत्नी अपने बच्चों को पति के घर छोड़कर अपने मायके चली गई है। विगत 27 अगस्त की रात को भी युवती ने नगराध्यक्ष के घर जाकर हंगामा खड़ा कर दिया था। उस समय कस्बे के संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप करने पर एवं युवती के कार्रवाई करने के लिए तहरीर नहीं देने पर उप निरीक्षक राहुल गोयल ने आरोपी का शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान कर दिया था। अब उप निरीक्षक बृजपाल सिंह ने दोबारा नगराध्यक्ष को हिरासत में लेकर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान कर दिया। दलित युवती का लगातार आधी रात को प्रेमी के घर जाकर हंगामा खड़ा करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## कुंदरकी विधायक ने बसों को दिखाई हरी झंडी




**कुंदरकी।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन करने हेतु हरी झंडी दिखाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में माननीय विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह जी द्वारा मुरादाबाद से सहसवान, मुरादाबाद से शाहाबाद, मुरादाबाद से नूरपुर बिजनौर, मुरादाबाद से चकेरी कांठ की बसों को मुरादाबाद के कटघर बस स्टैंड से वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त आयोजन में श्रीमती ममता सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक, अनुराग यादव सेवा प्रबंधक, श्री प्रेम सिंह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पीतलनगरी, राजवती सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद, सुनील कुमार कार्यालय अधीक्षक, सीनियर फोरमैन, मुरादाबाद एवं पीतलनगरी, स्टेशन इंचार्ज मुरादाबाद एवं पीतल नगरी एवं कार्यालय के कर्मचारियों सहित यात्रीगण उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर लगे फ्लेक्स बोर्डों को नगर पालिका टीम ने हटाया



**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अंजली सिंह के निर्देश पर नगर पालिका टीम ने नगर में अभियान चलाकर सार्वजनिक रास्तों विद्युत पोल आदि पर लगे फ्लेक्सी वोर्डो को अभियान चलाकर उन्हें हटाकर अपने कब्जे में ले लिया । शनिवार की दोपहर बाद नगर पालिका टीम ने रतुपुरा मोड, रामपाल द्वार, कमलापुरी चौराहा, चलचित्र ढाल, कदीर तिरहा, तिकोनिया पार्क तक अभियान चलाकर जगह-जगह लगे फ्लेक्सी बोर्ड को हटाकर नगर पालिका टीम ने अपनी कब्जे में ले लिया। कई स्थानों पर ऊंचाई अधिक होने पर जेसीबी मशीन के सहारे से थे फ्लेक्सी बोर्ड हटाए गए । अधिशासी अधिकारी का कहना है कि फैलेक्सी बोर्ड लगाने से को किनारे लगे संकेत भी छिपा दिए जाते हैं।

आने जाने वाले यात्रियों में वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। चेता. वनी दी कि यदि भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाए गए तो फ्लेक्सी बोर्ड लगवाने वालों के खिलाफ नगर पालिका द्वारा कडी कार्यवाही की जाएगी।

# सरकारी राशन की दुकानों पर दस सितम्बर से होगा खाद्यान का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह सितम्बर 2025 के सापेक्ष आंवटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण दिनांक 10 सितंबर 2025 में 25 सितंबर 2025 के मध्य कराया जाएगा तथा अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण भी इन्हीं तिथियों में कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूँ एवं 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किलोग्राम) खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायगा तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रतिकार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपए में।वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बन्ध पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेहूँ एवं 03 किला. ग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किलोग्राम प्रति यूनिट) खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा, जिसमें पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत गेहूं व चावल के नि:शुल्क वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25 सितंबर 2025 निर्धारित है।

आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं के लिए इस दिन मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण किया जायेगा।सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशीन के माध्यम से लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण उपरान्त वितरण पर्ची उपलब्ध कराते हुये आवश्यक वस्तुओं के नि:शुल्क वितरण का कार्य दिनांक 10 सितंबर 2025 से 25 सितंबर 2025 तक प्रात: 08:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 तक किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर नामित नोडल अधिकारी द्वारा भ्रमणशील रहते हुये एवं प्रत्येक उचित दर दुकान स्तर पर नामित पर्यवेक्षणीय अधिकारी / कर्मचारी द्वारा अपनी उपस्थिति में नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया जायेगा। उन्होंने सभी वित. रकों को निर्देशित किया है कि शासन की मंशानुसार किसी भी दशा में कोई भी पात्र लाभार्थी अनुमन्य आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति से वंचित न रहे।

## सात के खिलाफ दहेज प्रथा व तीन तलाक का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर बेटी के गांव धारक नंगला निवासी पति अजाउर्रहमान,ससुर नफीस,सास अनीसा बेगम,देवर अहमद जान व रिफाकत,ननद अफरोज के खिलाफ दहेज में स्कोर्पियो कार की मांग को लेकर उत्पीड़न करने, तीन तालाक की धमकी देने एवं जेठ अताउर्रहान पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया है।

## एक नजर

### बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**बिलारी।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिलारी ब्लॉक के शिक्षकों को मुरादाबाद में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा के अनेकों पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मुरादाबाद के हिंदू मॉडल कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाजपा नेता एमएलसी गोपाल अंजान ने शिक्षकों को शाल उड़ाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। जिसमें बिलारी क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय थावंला के एआरपी अक्षय कुमार, रुस्तमनगर सहसपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय की शाहीन परवीन, भूड़ मरेसी प्राथमिक विद्यालय की दीपाली गुप्ता, उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या सहसपुर की हिमानी भटनागर के प्राथमिक विद्यालय की क्षमा अग्रवाल, सिहाली माला के प्राथमिक विद्यालय के राहुल गुप्ता, रुस्तमनगर सहसपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय की पारुल वाजपेई, प्राथमिक विद्यालय गुलरिया की अर्चना कुमारी, अहलादपुर देवा उच्च प्राथमिक विद्यालय के रविंद्र कुमार, बीरमपुर प्राथमिक विद्यालय के यशवीर सिंह आदि को कार्यक्रम के दौरान शाल उड़ाकर व प्रतिष्ठा ने देकर सम्मानित किया गया।

### मंडलीय स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय एसोसिएशन का गठन



**मुरादाबाद।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त स्ववित्तपोषित लॉ कॉलेज की एक बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें स्ववित्तपोषित लॉ कॉलेज की एक एसोसिएशन का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विधायक रामवीर सिंह एवं विधायक कमाल अख्तर को संरक्षक नियुक्त किया गया तथा अशोक चौधरी को अध्यक्ष चुना गया एवं अशोक यादव को सचिव चुना गया तथा उपाध्यक्ष पद पर पवन कुमार एवं नफीसुल हसन फौजी को नियुक्त किया गया तथा अतुल कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त शोभित कुमार शर्मा एवं अकरम को मीडिया प्रभारी बनाया गया तथा बैठक में एलएलबी में सीधे प्रवेश को लेकर चर्चा की गई।

### धूमधाम से निकाली महावीर ध्वज शोभायात्रा



**कांठ।** अनंत चतुर्दशी पर हर साल की तरह इस बार भी 116 वी महावीर ध्वज शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई यात्रा का शुभारंभ वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर से हुआ शोभा यात्रा में ध्वज के साथ-साथ घनश्याम सिंह पहलवान व्यायाम शाला अखाड़ा के कार्यकर्ताओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाएं।

शोभायात्रा मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर लाला न्यादर चौराहा पुरानी पुलिस चौकी घनश्याम पहलवान तिराहा पुराना डाकघर संत रविदास मंदिर होते हुए रामलीला मंदिर पहुंची जहां पर महावीर ध्वज को स्थापित किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में नगर के लोग मौजूद रहे। शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी ने फीता काट कर कराया।

### पशु का वध करते दो पकड़े, तीन फरार

**भोजपुर।** शनिवार को उप निरीक्षक माहिर अब्बास,हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, अतुल कुमार एवं कांस्टेबल अतुल यादव को साथ लेकर गांव पीपलसाना में पुराने बुध बाजार निवासी वसीम पुत्र हनीफ के निर्माणाधीन मकान में छापेमारी कर भैंस काट रहे दो मांस तस्करों वसीम व फईम को हिरासत में लिया। उनके तीन साथी समी, निजामुद्दीन एवं शाने आलम पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए।

पुलिस ने मौके से एक क्विंटल 80 किग्रा भैंस का मांस बरामद कर पशु चिकित्सक से जांच कराकर नदी के किनारे गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया। पुलिस ने पांच मांस तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए फईम एवं वसीम का चालान कर दिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर घोघर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/निविदा/विज्ञापन/2025-26 दिनांक: 07.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रामपुर घोघर में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 22.09.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम रामपुर घोघर में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेत, रोड़ी, बजरी, ईंट, लोहा, पेंट, पाईप, बिजली की समान आदि। | 707955/- | 14159 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रामपुर घोघर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हरियाण-पं. बंगाल का दबदबा, गुजरात ने भी जीत दर्ज की

**बेंगलुरु, वार्ता।** 64वां सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सब-जूनियर ब्वायज (अंडर-15) वर्ग के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की भरमार रही। दिन में जहां हरियाणा और पश्चिम बंगाल ने बड़े अंतर से जीत हासिल कर दबदबा बनाया, वहीं गुजरात ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ दिन का समापन किया। दिन की शुरुआत एक कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई) और श्री लीलानंद सेकेंडरी स्कूल (झारखंड) का मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। सीआईएससीई के लिए ममेश (30') और बिकसन (33') ने गोल किए, जबकि झारखंड के लिए संदीप (22') और आशीष (35') ने गोल किए।

### निखत जरीन का जीत ने शुरूआत की लवलीना हारीं

**लिवरपूल, वार्ता।** भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शनिवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग के पहले दौर में शानदार जीत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी वापसी की घोषणा की जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगो. हेन महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। 29 वर्षीय निखत जरीन, जो पहले दो बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और इस साल किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, ने अपने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं दिखाई और पहले मिनट से ही अमेरिका की जेनिफर लोजानो पर हावी होकर 5-0 से जीत हासिल की।

● भारत-पाकिस्तान मैच पर बीसीसीआई सचिव का खुलासा

# सरकार की तरफ से अब तक कोई पाबंदी नहीं: सैकिया

**केन्द्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया का कहना है कि भारत सरकार की ओर से एशिया कप को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं है और हमें सभी मैच खेलने होंगे।

इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला होना है, लेकिन इसे लेकर विवाद चल रहा है। सैकिया ने हाल ही में बनाई गई नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है। भारत और पाकिस्तान के बीच अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद रिश्ते और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में मुकाबला कराने को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने आपत्ति जताई थी। अगस्त में खेल मंत्रालय ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया था जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया था। इस नीति के अनुसार, भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी और ना ही पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट प्रभावित नहीं होंगे। सैकिया ने न्यूज एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा, जहां तक बीसीसीआई की बात है तो हम सरकार के निर्देश का पालन करेंगे। हाल ही में बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट को लेकर भारत की नीति बनी थी जिसके अनुसार, भारत किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकता है। सरकार की ओर से इसे लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था कि हम उन देशों के खिलाफ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे रिश्ते अच्छे नहीं है। इसलिए भारत को बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मुकाबले खेलने होंगे। सैकिया ने कहा, एशिया कप एक बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया उपमहाद्वीप की टीमें शामिल होंगी, इसलिए हमें इसमें खेलना होगा। ऐसे ही आईसीसी टूर्नामेंट में भी जब किसी ऐसे देश से मैच होता है जिससे हमारे दोस्ताना रिश्ते नहीं है तो वहां भी हमें खेलना होता है। जहां तक द्विपक्षीय सीरीज की बात है तो हम ऐसे किसी भी देश के साथ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते नहीं है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई सरकार द्वारा बनाई गई नीति का पालन करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर भारत वैश्विक या बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें प्रतिबंध लगना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार की नीति का पालन कर रहे हैं और बीसीसीआई को ऐसा करना भी होगा। यह नीति बहुत सोच-विचार कर बनाई गई है, जिसमें न केवल क्रिकेट, बल्कि अन्य खेलों को भी ध्यान में रखा गया है।

# बीसीसीआई के चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की है। आम सभा की बैठक सुबह 11:30 बजे मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होगी, जिसका महत्वपूर्ण एजेंडा चुनाव कराना है।

सचिव देवजीत सैकिया द्वारा राज्य संघों को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद और इंडियन प्रीमियर लीग तथा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की संचालन परिषदों का गठन भी एजीएम के एजेंडे में है। बीसीसीआई अपनी शीर्ष परिषद में बोर्ड की आम सभा के एक प्रतिनिधि और भारतीय क्रिकेटर संघ के दो प्रतिनिधियों को शामिल करेगा। इन नियमित मुद्दों के अलावा, वार्षिक आम बैठक का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों का एक नया समूह बनाना होगा जो अगले तीन वर्षों तक या आगामी खेल विधेयक के वर्तमान संविधान का स्थान लेने तक भारतीय क्रिकेट का संचालन करेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि छह महीने में खेल विधेयक लागू होने के बाद बीसीसीआई नए चुनाव कराएगा या नहीं, लेकिन फिलहाल बीसीसीआई ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित लोढ़ा समिति द्वारा अनुशंसित संविधान का पालन करने का निर्णय लिया है।

### पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा, क्योंकि टीम का कोई भी सदस्य इस आयोजन के लिए भारत नहीं जाएगा। जियो सुपर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक टीम 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाली टीमों के कप्तान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सामान्य तौर पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ फोटोशूट भी करेंगे। हालांकि, जियो सुपर ने बताया कि न तो पाक कप्तान और न ही पाक का कोई अन्य प्रतिनिधि उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भारत आएगा।

# ट्रायल 4 में नीरू, भवनीश शीर्ष छह की दौड़ में आगे

● **भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया जिसमें तीन परफेक्ट राउंड और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** भूचो एशियाई चैम्पियन नीरू धांडा और एशियाई रजत पदक विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप इवेंट के चार राउंड पूरे होने के बाद भी शीर्ष छह में जगह बनाने की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार रखी।

यह मुकाबला राष्ट्रीय चयन शॉटगन ट्रायल (टी4) के तहत भूचो विलेज भाई देविंदर सिंह सिद्धू गन क्लब, पंजाब में आयोजित किया जा रहा है। भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया, जिसमें तीन परफेक्ट राउंड (25-25 हिट) और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट विवान कपूर और जोरावर सिंह संधू पर चार अंकों की बढ़त बनाई है, जिन्होंने 95-95 अंक बनाए। शार्दुल विहान और काइनन डेरियस चेन्नई अगली पोजीशन पर 93 अंकों के साथ हैं, जबकि सात शूटर - अर्शद हसन खान, फहद सुल्तान, करण, शपथ भारद्वाज, अली अमन इलाही, जसविंदर सिंह और लक्ष्य श्योरण - 92 अंकों के साथ छठे स्थान की दौड़ में बने हुए हैं। ट्रैप महिला वर्ग में, नीरू ने 22, 24, 23 और 23 के स्कोर के साथ कुल 92 अंक बनाकर चार राउंड पूरे होने के बाद बढ़त हासिल की। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विज.ेता आशिमा 90 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कीर्ति, राजेश्वरी व सबीरा हारिस ने 89-89 अंक बनाए।

# सिनर-अल्काराज में होगी खिताबी भिड़ंत

● **जैनिक सिनर और अल्काराज ने यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत दर्ज की**



**न्यूयार्क, वार्ता।** शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के अभियान को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से जीत के साथ समाप्त कर दिया। 2022 के विजेता अल्काराज ने कहा कि मैंने शानदार टेनिस खेला और यूएस ओपन में अपने दूसरे फाइनल में पहुंचकर खुश हूँ।मैंने एक शारीरिक मैच खेलने की कोशिश की और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया।

फाइनल में स्पेनिश खिलाड़ी का सामना इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर से होगा, जिन्होंने कनाडा की फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। शुक्रवार को ही, कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ ने तीन साल में दूसरी बार महिला युगल खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा और अमे. रिकी टेलर टाउनसेंड को एक घंटे 29 मिनट में 6-4, 6-4 से हराकर 2023 में जीता गया अपना पहला खिताब फिर से हासिल किया। मैच के बाद डाब्रोव्स्की ने रूटलिफ से कहा कि हमने साथ में बहुत कुछ सहा है, और आज एक चैंपियन के रूप में आपके साथ यहां खड़े होने के लिए मैं बेहद आभारी हूँ।

### 8वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता नौ से

**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना कारागार विभाग नौ से 11 सितंबर तक राजा बहादुर वेंकटका राम रेड्डी (आर. बीवीआरआर) तेलंगाना पुलिस अकादमी में 7वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

कारागार महानिदेशक डा. सौम्या मिशा के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों से जेल कर्मी, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और अन्य अतिथि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार 11 सितंबर को समापन समारोह में भाग लेंगे।



# अफगानिस्तान आखिरी ओवर में जीता

● **नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया**

**शारजाह, वार्ता।** अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के आखिरी लीग मैच में यूएई को रोमांचक मुकाबले में चार रनों से हरा दिया, जिससे मेज़बान टीम अंत तक जीत से महरूम रही। यूएई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे, और उसने पहली तीन गेंदों पर 12 रन बनाए, इससे पहले फरीद अहमद मलिक ने दो डॉट गेंदें फेंकी और आखिरी गेंद पर आसिफ खान का विकेट लेकर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलीशान शराफू, जिन्होंने पिछली रात 68 रन बनाए थे, ने एक शानदार चौका जड़ा। यूएई के लिए पावरप्ले बेहतरीन रहा क्योंकि शराफू और मुहम्मद वसीम ने लगातार बाउंड्री लगाकर स्कोलरग गति को बनाए रखा। उन्होंने पहले छह ओवरों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और इस चरण के अंत तक यूएई का स्कोर 54/0 हो गया। मेजबान टीम के लिए दुर्भाग्य से, नूर अहमद ने शराफू को 27 रन पर आउट करके अफगानिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उनकी चालाकी के कारण दूसरे छोर से दबाव बढ़ गया। वसीम 40 के पार पहुंच गए थे जब करीम जनत ने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया , लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट होकर 44 रन बनाकर आउट हो गए। मुहम्मद ज़ोहैब दो बार बाउंड्री पार करने के बाद आउट हुए और मेहमान टीम लगातार रन बना रही थी। आसिफ आउट हुए और अफगान स्पिनरों के सामने जूझते रहे। ऐसा लग रहा था कि वह कहीं नहीं जा पाएंगे क्योंकि 17वें ओवर की समाप्ति पर वह 13 गें. दों पर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन जैसे ही गति वापस आई, उन्होंने अपनी टाइलमग फिर से हासिल कर ली। आखिरी तीन ओवरों में 43 रनों की ज़रूरत थी, उन्होंने पहले 18वें ओवर में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए और फिर अगले ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर से हर्षित कौशिक ने एक चौका और एक छक्का लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 17 रन कर दिया। यूएई को 3 गेंदों में 5 रनों की जरूरत थी, इसलिए वे जीतना चाहते थे, लेकिन फरीद की चतुराई भरी डेथ बॉलिंग ने मेहमान टीम के लिए मैच तय कर दिया। इससे पहले, अफग़ानिस्तान ने 170/4 का स्कोर बनाया, जिसकी शुरुआत इब्राहिम जादरान (48) और रहमानुल्लाह गुरबाज (40) के बीच 98 रनों की ओपनिंग साझेदारी से हुई। यूएई ने रन आउट का एक मौका गंवा दिया और एक कैच छोड़ दिया।

### गगन गौड़ा फिर चमके, हरियाणा स्टीलर्स से लड़कर हारे यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** गगन गौड़ा (13 अंक) ने एक बार फिर अपनी चमक दिखाई। गगन ने विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 16वें मैच में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ सुपर रेड के साथ 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम यूपी योद्धाज की पांच अंक की कम अंतर वाली हार को बचा नहीं सके।

हरियाणा ने यह मैच 37-32 से जीता। शुरुआती 10 मिनट में यूपी का बोलबाला रहा। उसने मौजूदा चैंपियन को 10 मिनट के भीतर आलआउट कर 10-4 की लीड ले ली। यूपी के डिफेंस ने नवीन एक्सप्रेस को आलइन तक रिवाइव नहीं होने दिया। इस दौरान गगन गौड़ा, भवानी राजपूत और हितेश छाए रहे।

### पीजीटीआई नेक्सजेन से सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ की वापसी

● **शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** 2025 प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) नेक्सजेन सीजन का सातवां आयोजन पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ होगा, जो 9 से 11 सितंबर तक लखनऊ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट में 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि है और यह सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ और पीजीटीआई की वापसी का प्रतीक है। यह आयोजन तीन राउंड (54 होल) में खेला जाएगा, जिसमें कट दो राउंड (36 होल) के बाद लागू होगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे। इस टूर्नामेंट में 72 पेशेवर खिलाड़ी शामिल हैं। इस क्षेत्र के लखनऊ स्थित पेशेवर खिलाड़ी संजीव कुमार, विजय कुमार, संजय, मनोज कुमार, भूप सिंह और आशीष कुमार गुप्ता हैं। इस क्षेत्र के प्रमुख विदेशी खिलाड़ी अमेरिकी जो हर्न और डोमिनिक पिकिरिलो, इटली के फेडेरिको ज़ुचेटी, बांग्लादेश के एमडी मुआज और एमडी सोलायमन और नेपाल के सुबाश तमांग हैं। 2025 पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन बेहद प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें अब तक आयोजित छह प्रतियोगिताओं में छह अलग- अलग विजेता उभरकर सामने आए हैं। इस वर्ष के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मुख्य टूर पीजीटीआई में छूट मिलेगी। पीजीटीआई के सीईओ, अमनदीप ने कहा कि पीजीटीआई नेक्सजेन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना है।

# सुआरेज पर छह मैचों का प्रतिबंध



● **कर्मचारी पर थूकने के लिए लगाया गया प्रतिबंध**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान लहसक व्यवहार के लिए क्रमश: दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस संबंधित खिलाड़ियों और कोर्ा. चंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था। सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ष्यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भारत की कप्तानी करेंगे अय्यर



● **वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे। बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे। चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है, जगदीशन को पंत के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम का बुलावा भी आया था। जगदीशन ने हाल ही में दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ 197 रनों की पारी भी खेली थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के अलावा पड्क्किल, नीतीश कुमार और प्रसिद्ध भी दल में शामिल किए गए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी दल में जगह दी गई है। युवा चेहरों में आयुष बदोनी, यश ठाकुर, गुरनूर बराड़ और मानव सुथार को भी चुना गया है। वहीं तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में प्रसिद्ध का साथ देने के लिए खलील अहमद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि चयनित दल में ऋतुराज . का नाम नहीं है, गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफी सेमीफ़ाइनल में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के लिए 184 रनों की पारी खेली थी। वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट दल का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला मैच16 से 19 सितंबर और दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक चलेगा। यह दोनों ही मुक. ाबले लखनऊ में खेले जाएंगे। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 30 सितंबर, 3 अक्टूबर व 5 अक्टूबर को कुल तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**इंडिया ए टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगद. ीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), हर्ष दुबे, देवदत्त पड्क्किल, आयुष बदोनी, नीतीश कुमार रेढी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर

### मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र पर हासिल की 118 रन की बढ़त

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87) और हर्ष दुबे (75) की शानदार पारियों से मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन शनिवार को आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी में 118 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी में 438 रन बनाए थे। मध्य क्षेत्र ने कल के दो विकेट पर 229 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसके बल्लेबाजों ने पूरे दिन शानदार बल्लेबाजी की। नाबाद बल्लेबाज शुभम शर्मा ने 60 और पाटीदार ने 47 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभम अपने शतक से मात्र चार रन दूर थे कि तभी रन आउट हो गए। शुभम ने 241 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। पाटीदार ने 84 गेंदों पर 77 रन में 14 चौके लगाए। उपेंद्र यादव ने 181 गेंदों पर 87 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

■ मोबाइल चोरी के शक में बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सड़कड़ा खास में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परि. जनों का आरोप है कि युवक राशिद की मौत स्वाभाविक नहीं बल्कि बेरहमी से पिटाई कर हत्या की गई है।आरोप है कि मोबाइल चोरी के शक में गांव के कुछ लोगों ने उसे पकड़कर इतना पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत गई,घटना से परि. जनों में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि डिलारी थाना क्षेत्र के गांव सड़कड़ा खास में शुक्रवार की देर रात उस समय सनसनी फैल गयी जब 28 वर्षीय युवक राशिद की संदिग्ध



परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उसे मोबाइल चोरी के शक में पकड़ लिया और बुरी तरह पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही डिलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के असली कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगा।वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि राशिद निर्दोष था, उस पर बेवजह झूठा शक कर उसकी जान ले ली गई। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा के गांव उमरी सब्जीपुर में उस समय हालात बेकाबू हो गए जिस समय शुक्रवार दिन के 10 बजे दो पक्षों में कहासुनीं व हाथापाई के बाद छतें मेदाने जंग बन गईं। और छतों से ही पथराव व फायरिंग भी की गई। जिसके बाद लगभग यह विवाद डेढ़ घंटा चलता रहा। पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को बेकाबू होते देख लोगों को खदेड़ने के लिएं लाठी चार्ज भी किया जिससे हालत कंट्रोल हुए आस मोहम्मद पक्ष ने बताया कि राशन डीलर खलील के परिवार ने जुलूस के लिएं बिरयानी बनाई थी इस बार पंचायत चुनाव पद पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे आरिफ के पक्ष के कुछ लोग भी बिरयानी खाने पहुंच गए इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई और देखते ही देखते यह बहस पथराव में बदल गई मौके पर पहुंची पुलिस और लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया और जुलूस को आगे बढ़ने दिया लेकिन शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे फिर से दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और फायरिंग शुरू करदी देढ़ घंटे चले पथराप से गांव में अफरा तफरी मची रही लोग घरों में दुबके रहे सूचना मिलते ही थाना प्रभारी योगेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लाठियां भांज कर दोनों पक्षों को उनके घरों के अंदर जाने के लिएं मजबूर कर दिया। इस हिंसक झड़प में कई लोग घायल हो गए पुलिस ने घायल लोगों में से अरबाज भूरा सिब्ते संजीदा नदीम को जिला अस्पताल भिजवा दिया हालांकि घायलों की संख्या ज्यादा बताई जा रही है। जो कि पुलिस की कार्यवाही से बचने की एक कोशिश की जा रही है।

## एक नजर

### शिक्षक दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यापकों को किया सम्मानित



**कांठ।** सरस्वती शिशु मंदिर कांठ में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया विद्यालय के अध्यक्ष डॉ ओमराज सिंह ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र से बच्चों को अवगत कराया और बताया कि गुरु की महिमा कितनी महान होती है। व्यवस्थापक प्रेम कुमार भार्गव अशोक कुमार बिश्नोई प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने गुरु की महिमा एवं कर्तव्य को बताकर बच्चों का मार्गदर्शन किया और कहा कि डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। डॉक्टर ओमराज सिंह बिश्नोई ने विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया इस दौरान स्कूल के बच्चे एवं स्टाफ मौजूद रहा।

### बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के शहादत दिवस पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित



**कांठ।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा का शहादत दिवस तहसील प्रांगण में मनाया गया। तेज सिंह सैनी एवं संजय दीप कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय समानता दल ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा सामाजिक न्याय के क्रांतिकारी योद्धा थे उन्होंने देश की राजनीति में शोषित और वंचित समाज को देश की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शक्ति के साथ सभी स्रोतों में भागीदारी देने की लड़ाई को लड़ा। बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा का मानना था कि देश में एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी और महिलाओं की आबादी 90% है जो वर्षों से एकाधिकार से वंचित रहे हैं उनके विकास के लिए सरकारों को सरकारी अर्द्ध सरकारी और निजी संस्थानों में 90% हिस्सेदारी देने के लिए कानून बनना चाहिए। इस मौके पर तेज सिंह सैनी हरि सिंह सैनी महेश पाल परम सिंह तेजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

### गणपति विसर्जन उत्सव सम्पन्न, ढोल नगाड़ों के साथ बप्पा को दी भावभीनी विदाई



**चन्दौसी।** नगर में गणेश उत्सव का समापन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। जगह-जगह से निकली गणपति बप्पा की शोभायात्राओं में भक्तों ने ढोल-नगाड़ों, जयकारों और भजनों के बीच गणेश जी का विसर्जन किया। गणपति बप्पा मोरया-अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से शहर गुंजायमान हो उठा। सुबह से ही नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। विभिन्न मंदिरों और पंडालों से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्राएँ निकाली गई, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं और युवा फूल-मालाओं से सुसज्जित रथों व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ नृत्य-गान कर माहौल को भक्ति रस में रंगते नजर आए। यहां बताते चलें कि चन्दौसी में पिछले 65 वर्षों से गणेश चतुर्थी पर रथयात्रा निकालने के साथ-साथ मेले का आयोजन भी किया जाता है। परंपरा के तहत शनिवार को चन्दौसी गणेश मंदिर से गाजे-बाजे के साथ गणपति बाबा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शहरभर में जिन-जिन स्थानों पर गणपति प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, वहां विधिविधान से पूजा-अर्चना कर विसर्जन यात्राएं रवाना हुईं। भक्तजन गणपति प्रतिमाओं को लेकर राजघाट नरौरा गंगाघाटों तक पहुंचे और बप्पा को अश्रुपूरित विदाई दी।

### बहजोई थाना क्षेत्र में नई पुलिस चौकी का हुआ लोकार्पण



**चन्दौसी।** अपराध पर अंकुश लगाने, पीडितों को त्वरित न्याय दिलाने और जनता की सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से थाना बहजोई क्षेत्र में नवनिर्मित पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह, ग्राम मझोला का लोकार्पण शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर चौकी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू सहित विभागीय अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नई चौकी खुलने से क्षेत्रीय जनता को सुरक्षा और न्याय संबंधी मामलों में त्वरित सहयोग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मारपीट कर घायल करने के मामले में दोनों ओर से 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर

**कांठ।** मारपीट कर घायल करने के मामले में दोनों ओर से 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है थाना छजलैट के गांव बीवी पुर निवासी मोहम्मद उमर का कहना है कि सुबह करीब 10:00 बजे वह घर पर नहीं था लेकिन गांव के शाकिर रहमत बाबू आजम घर आ गए और बच्चों के झगड़े को लेकर उसके पुत्र नाजिम मोहम्मद रजा दानिश व सकीना और नफीस को गंदी गाली देने शुरू कर दी बाबू ने नाजिम के वंछी मारी जिससे वह घायल हो गया।

शोर मचाने पर गांव वाले आ गए तो यह लोग धमकी देकर चले गए जबकि दूसरी और के रहमत अली का कहना था कि बच्चों के झगड़ों को लेकर उस्मान उमर नाजिम दानिश और अहमद रजा उसके घर में घुस गए और महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। नफीस और आरिफ ने विरोध किया तो उनके सिर फाड़ दिए रहमत का आरोप था कि उस्मान ने अवैध हथियार निकाल कर फायरिंग भी की तथा नसीम जहां के पेट में लात मारी जिससे उनको काफी चोटें आई पुलिस ने दोनों और की शिकायत आने के बाद 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# वैश्य एकता मंच ने शिक्षकों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वैश्य एकता मंच चंदौसी के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैश्य एकता मंच के क्षितिज गुप्ता, एड. प्रवीण गुप्ता, विकास बून एवं मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय द्वारा किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ शिक्षिका कमलेश अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि शिक्षक हमारे जीवन के निर्माण में अत्यंत



महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता हमें जीवन देते हैं, परंतु जीवन को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते हैं।

वे न केवल हमें पुस्तकों का ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की शिक्षा भी देते हैं। कार्यक्रम के समापन में चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी के पूर्व प्रधानाचार्य शशिकांत गुप्ता द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच चंदौसी द्वारा शिक्षकगणों का सम्मान करना अत्यधिक प्रशंसनीय कार्य है। कार्यक्रम की रूपरेखा वैश्य एकता मंच के महामंत्री आकाश वार्ष्णेय व कोषाध्यक्ष दीपेश वार्ष्णेय व तुषार क्रिस्टल द्वारा व संचालन डॉक्टर दुर्गा टंडन द्वारा किया गया। इस मौके पर विशेष सहयोगी मन्नू गुप्ता मेडिकल, भास्कर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत वार्ष्णेय, विपिन बालाजी, उपाध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय, संगठन मंत्री डॉ. दिशांत गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक गुप्ता, प्रचार मंत्री अभिनव वार्ष्णेय, मंत्री सुमित वार्ष्णेय, मोहित बंसल, सचिन आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोसी नदी में आई बाढ़ के पानी से बचीं फसलें हुई बर्बाद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** लगातार बारिश और बाढ़ के पानी ने तबाही मचा रखी है, ब्लॉक मूंढापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत रनियाठेर, अहरौला, चककोहन्कू , हीरापुर, हरपाल नगर, गदईखेड़ा, हिरनखेड़ा, भीतखेड़ा, जैतपुर बिसहाट आदि किसानों की फसलों को कोशी नदी में आई बाढ़ ने बर्बाद कर दिया है, किसान अविनाश चौहान, नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जो किसानों ने फसलें कर्ज लेकर लगाई थी,वह फसलें बाढ़ के पानी में डूबकर खघ्राब हो गई है, किसानों ने अपनी जमीन पर धान, गन्ना, उड़द, तिलहन, ज्वार, बाजरा, लोकी, तुरई, अरवी, रतालु, पशुओं का चारा आदि की फसलें उगाई थीं, पहले रामगंगा नदी में आई बाढ़ के पानी में डूबकर लगभग पचास प्रतिशत फसलें खघ्राब हो गई थी, रही बची फसल कोशी नदी के बाढ़ के पानी ने पूरी तरह नष्ट कर दिया है, किसानों के सामने अब पशुओं के चारे से लेकर खाने तक और कर्ज्ज लेकर लगाई फसलें नष्ट हो जाने से संकट गहरा गया है, किसान पूरी तरह सदमे में है,रनियाठेर गांव



में बाढ़ के पानी से गिरंथ कश्यप,शिवा चौहान, सतपाल सिंह,कौशल, राजेश का मकान गिरकर जमींदोज हो गया।

मकान में दबकर कपड़े, चारपाई, बर्तन, राशन दबकर खघ्राब हो गया, ग्राम प्रधान ने मदद करते हुए राशन कपड़ा आदि सामान देकर बाढ़ पीड़ितों की मदद की है।

# वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा अजगर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राजघाट नरौरा ने वन विभाग की टीम को जब यह पता चला कि गंगा किनारे के आसपास एक बड़ा अजगह सांप रेंग रहा है। जिन राहगीरों ने सांप को देखा तो नरौरा पुलिस को सूचना दी गई। संरक्षित वन्यजीव अजगर के होने की सूचना पर मौके पर पहले पुलिस पहुंची और वन विभाग की टीम को फोन किया।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह अजगर को रेस्क्यू कर भारी भरकम अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया।

यहां बताते चलें कि अधिक बारिश के कारण कभी-कभी भारी वन्यजीव जंगल से आ जाते हैं और छुपने का सही स्थान न मिलने पर खुले में आ जाते हैं।

# भारतीय मानव कल्याण समिति ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में विनायक मार्ग स्थित भोलेनाथ वाटिका में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल, माला एवं प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। सम्मानित होने वालों में डॉ डी.के. अग्निहोत्री, दिनेश पाल सिंह, बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी, विपिन वार्ष्णेय बालाजी, सूर्यजीत सिंह, डॉ दुर्गा टंडन, गुंजन मेहरोत्रा, राजेश कुमार, बबिता गुप्ता, दुर्गेश्वरी, संगीता सिंह, अनुज उपाध्याय, डॉ नीलम वार्ष्णेय, अभिषेक गुप्ता, राजवीर सिंह सहित 21 शिक्षक-शिक्षिकाएँ रहे। भारतीय मानव कल्याण समिति के प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा कि हर साल 05 सितंबर को एक अद्भुत शिक्षक, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य



में मनाया जाता है। यह दिन हमारे जीवन को आकार देने में शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उनके प्रति सम्मान और प्रशंसा व्यक्त करने का दिन है। मुख्य अतिथि पार्थ हॉस्पिट के चौयरमेन डॉ वीरेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस पर बोलते हुए खुशी हो रही है, जो हर साल 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन महान शिक्षाविद् और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है। उनका मानना था कि शिक्षकों को देश का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क होना चाहिए। शिक्षक हमारे दूसरे माता-पिता होते हैं, जो हमें पढ़ाई और जीवन में मार्गदर्शन देते हैं। वे हमें प्रेरित करते हैं, कठिन समय में हमारा साथ देते हैं और महत्वपूर्ण मूल्य साझा करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्र गुप्ता एवं संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया। इस दौरान प्रबन्धक डॉ. टी.एस. पाल, सुशील भोलेनाथ, मुकेश वार्ष्णेय, मुनेश धनगर, कुलदीप वार्ष्णेय, आकाश शर्मा, राजेश पाल, बीना वार्ष्णेय, ओम प्रकाश गुप्ता, मुनीश बाबू, शैलेन्द्र वार्ष्णेय, हरीश कठैरिया, मनीषा, चारुल वार्ष्णेय, महिमा वार्ष्णेय, कुमकुम गुप्ता, कल्लू जोशी आदि उपस्थित रहे।

# एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर के चक फाजलपुर रोड पर स्थित एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज कुंदरकी में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं ने विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिका को उपहार देकर शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता नजबुल हसन ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा महत्व गुरु का होता है जिस तरह से बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अधूरा है उसी तरह से बिना गुरु के हम शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते कहा कि मां-बाप हमारी परवरिश करते हैं परंतु ज्ञान होना गुरु के द्वारा प्राप्त होता है। गुरु हमें ज्ञान प्राप्त कर आते हैं उसी ज्ञान से हूं अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। गुरु के बिना हम ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते गुरु के माध्यम से ही हम जीवन की ऊंचाइयों को पा सकते हैं जिस तरह मनुष्य के जीवन में ज्ञान के दिन अंधकार ही अंधकार है उसी तरह



गुरु के बिना सब बेकार है। बिना गुरु के हम किसी भी कार्य को नहीं कर सकते कहा कि शिक्षा ही मनुष्य को महान बनाती है। बताया कि हमारे देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे उनका कार्यकाल 13 मई 1962 से 13 मई 1967 तक रहा उनका जन्म दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति बनने के बाद अपने जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की तब से आज तक 5 सितंबर को पूरे भारत में उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है बताया कि हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए शुद्ध वातावरण की आवश्यकता है उसके लिए हम सबको मिलकर भारी संख्या में वृक्ष लगाने होंगे तभी हम इस दूषित वातावरण को शुद्ध कर सकते हैं कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता नजबुल हसन ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शबाना शिक्षक शाहनवाज हैदर अभिषेक बर्मा पुष्पेंद्र सिंह अर्पित सिंह राजदा फरहीन मुस्कान वीरबाला तस्मिया फात्मा मीना नूरी शाम नमरा इलयास सामिया शमीना आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# रूस-यूक्रेन यूद्ध रोकने में असफल रहाः ट्रम्प

## पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया, नहीं कर पाया अपना वादा पूरा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रम्प ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबंध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल



**ट्रम्प ने यह बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले अधिकारिक डिनर पर कही**

पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रम्प ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं।

## रूस पर नई सख्ती की तैयारी

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका और यूरोपीय देश इस संघर्ष को खत्म करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसके लिए यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी वित्त मंत्रालय से मुलाकात करेगा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस टीम का नेतृत्व यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दूत डेविड ओ सुलिवन कर रहे हैं। बैठक में रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों और अन्य दबावों पर चर्चा होनी है।

इस संघर्ष को जल्द खत्म करने के दावे को लेकर बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रूस और यूक्रेन युद्ध को 3.5 साल बाद भी खत्म न कर पाने से नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत करवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इन प्रयासों के तहत पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से पिछले महीने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, हालांकि इसके बाद भी रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक अमेरिकी फैक्ट्री पर ड्रोन और मिसाइल हमला कर दिया। ऐसे में सोमवार को होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं। बता दें कि इस बैठक

**अमेरिका-यूरोप साथ मिलकर तैयार कर रहे योजना**

में व्हाइट हाउस, विदेश विभाग और यूएस ट्रेड प्रतिनिधि के अधिकारी भी शामिल होंगे। यूरोपीय प्रतिनिधि मंडल में ऊर्जा, वित्तीय सेवा, व्यापार और प्रतिबंधों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। ट्रम्प ने हाल ही में यूरोपीय देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने को कहा है, जिससे रूस की जंग को फंडिंग मिल रही है। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप ने एक साल में रूस से 1.1 बिलियन यूरो का तेल खरीदा, जो गलत है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि चीन पर भी आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है, क्योंकि वह परोक्ष रूप से रूस की मदद कर रहा है। इस बीच, यूरोपीय देशों ने अलग से बैठक कर यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार किया है। लेकिन रूस ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी सैनिक यूक्रेन में तैनात हुए तो उन्हें रूस अपनी तरफ से वैध निशाना मानेगा। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका और यूरोप मिलकर रूस पर दबाव बढ़ाने की रणनीति बना रहे हैं, जबकि ट्रम्प की नाराजगी और असफल डिप्लोमैसी पर अब सख्त रुख अपनाने के संकेत मिल रहे हैं।



अनंतनाग। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ट्रम्प ने पेंटागन का नाम बदलने के आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा विभाग पेंटागन का नाम बदलकर युद्ध विभाग करने के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। उन्होंने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि दुनिया की स्थिति को देखते हुए यह एक अधिक 'उपयुक्त' नाम है।

ट्रम्प ने आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह एक अधिक उपयुक्त नाम है, खासकर दुनिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए। हमारे पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है। सीएनएन द्वारा प्राप्त एक तथ्य पत्रक के अनुसार यह आदेश रक्षा मंत्री, रक्षा विभाग और अधीनस्थ

**पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए**

अधिकारियों को कार्यकारी शाखा के भीतर आधिकारिक पत्रचार, सार्वजनिक संचार, औपचारिक संदर्भों और गैर-वैधानिक दस्तावेजों में 'युद्ध मंत्री', 'युद्ध विभाग' और 'युद्ध उप मंत्री' जैसे द्वितीयक पदों का उपयोग करने का अधिकार देता है। पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए और विभाग की वेबसाइट का भी नवीनीकरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन ने किया यूक्रेन में पश्चिमी सुरक्षा प्रस्ताव को खारिज

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद युद्धविराम लागू होने के अगले ही दिन यूक्रेन में 'आश्वासन बल' के रुप में सैनिकों को तैनात करने के पश्चिमी प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने लड़ाई रुकते ही सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'थल, जल या हवा' से सैनिकों को तैनात करने की औपचारिक प्रतिबद्धता जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मैक्रों ने इसमें शामिल किसी भी देश का विवरण नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुतिन ने सहयोगियों की पहल को खारिज करने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में तैनात कोई भी सैनिक 'वैध निशाना' होगा, खासकर अगर वे अभी दिखाई देते हैं, हालांकि तत्काल तैनाती की कोई योजना नहीं है।

### पाकिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में 21 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 21 लोगों की मौतें हुई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 13 मौतों की भी पुष्टि हुई है। ये लोग 15 अगस्त को अचानक आई बाढ़ के दौरान लापता हो गए थे और बाद में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सत्यापन के बाद स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों के मुताबिक पूर्वी पंजाब प्रांत में आठ मौतें हुईं, जिनमें से जयादातर नदी में आई बाढ़ और घर ढहने के कारण हुईं।

### शेरपा वियतनाम में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी शेरिंग वांगचुक शेरपा को वियतनाम में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं और अभी विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इससे पहले वियतनाम में संदीप आर्य भारत के राजदूत थे। भारत और वियतनाम के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंधों पर आधारित समग्र रणनीतिक साझेदारी है।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे

**बैंकाक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितम्बर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

हालांकि, थाकसिन ने लिखा कि वह कोर्ट के फैसले के लिए 9 सितम्बर को वापस लौटेंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि थाकसिन वापस नहीं आएंगे। 2006 में पद से हटाए जाने के बाद भ्रष्टाचार के आरोप में जब उन्हें 15 सालों की सजा हुई थी, तब भी वे विदेश भाग गए थे। थाकसिन 2023 में जब थाईलैंड

**इलाज के बहाने दुबई गए, कोर्ट नौ सितम्बर को सजा सुनाने वाली थी**

लौटें तब कोर्ट ने पुराने भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें फिर 8 सालों की सजा सुनाई। इस सजा को थाईलैंड के राजा ने घटाकर एक साल कर दिया।

थाकसिन पर आरोप है कि उन्होंने यह एक साल जेल में नहीं बल्कि पुलिस जनरल अस्पताल के एक कमरे में बिताया है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट जांच कर रही है और 9 सितम्बर को फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन शिनवात्रा ने थाईलैंड में फ्यू थाई पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी ने दो दशक से सत्ता में अपना प्रभाव बनाए रखा। शिनवात्रा परिवार 2001 से 2006 तक, 2011 से 2014 और 2024 से 2025 तक शासन में रहा। थाकसिन की बेटी पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा भी थाईलैंड की पीएम रह चुकी हैं।

## तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा रद्द, पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी

**काबुल।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की इस महीने भारत आने की योजना रद्द हो गई। इसके पीछे की वजह है संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के यात्रा प्रतिबंध, जिनमें छूट नहीं मिल सकी। अगर यह यात्रा होती, तो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से किसी मंत्री की भारत की पहली यात्रा होती। संयुक्त राष्ट्र की 1988 प्रतिबंध समिति तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक की निगरानी करती है। इसका अध्यक्ष वर्तमान में पाकिस्तान है, पाकिस्तान ने मुत्तकी को छूट देने से इनकार किया। इस समिति में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य शामिल हैं, और अगर एक भी सदस्य आपत्ति जताए, तो छूट नहीं मिलती। पिछले महीने मुत्तकी की पाकिस्तान यात्रा भी अमेरिका की आपत्ति के कारण रद्द हुई थी।

## भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

### नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोलेः आपका आपसी मामला, मिलकर सुलझाएं

**बीजिंग/काठमांड।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इन्कार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है।

इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त



**नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है**

को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। नेपाल के पीएम ओली 16 सितम्बर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी।

ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है। ब्रिटिश काल में भी भारत और चीन के बीच हिमालय का लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था।

साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। धारचूला भारत-नेपाल सीमा पर बसा है और आदि कैलाश व मानसरोवर का पारंपरिक मार्ग भी यही है। यह मार्ग लिपुलेख दर्रे से तिब्बत को जोड़ता है। ब्यांस, दारमा और चौंदास घाटी के व्यापारी 10वीं सदी से इस दर्रे के जरिए कारोबार करते आ रहे हैं। 5,334 मीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी का प्रतीक भी है। पहले व्यापारी 1100 साल तक पैदल व खच्चरों से माल ढोते थे।

## अमेरिकी विशेषज्ञों ने ट्रम्प को कटघरे में खड़ा किया

### कहाः पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन नहीं किया, तो ट्रम्प इसे दिल पर ले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का कारण बताते हुए कहा कि ट्रम्प खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया और ट्रम्प के नाम का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए और बुरा मान गए।

अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने कहा कि ट्रम्प की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए मजबूर करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं। जोंस ने कहा कि ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी

**ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे**

उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ लगाया। प्रोफेसर टैरिल जोंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प वैश्विक नेता बनना चाहते हैं। न सिर्फ राजनीतिक, आर्थिक तौर पर बल्कि भू-राजनीतिक तौर पर भी।

इसलिए उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने में बहुत जल्दबाजी की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी से इससे इनकार करते रहे और उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान से बातचीत के लिए अमेरिका या किसी भी अन्य देश की कोई जरूरत नहीं है। जब ट्रम्प चाहते थे कि पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए उनके नाम का समर्थन करें, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो ट्रम्प ने इस बात को निजी तौर पर ले लिया। जब ट्रम्प कोई बात निजी तौर पर ले लेते हैं तो वे उस पर प्रतिक्रिया देते हैं और उन्होंने कई मौकों पर कहा भी है कि टैरिफ शब्द इंग्लिश भाषा का सबसे सुंदर शब्द है। अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने ये भी कहा कि अमेरिका, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात कर सकता है, अमेरिका रूस से भी बात कर सकता है, लेकिन हो सकता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस पर ध्यान न दें, लेकिन भारत ऐसा देश है, जो दोनों देशों से बात कर सकता है और दोनों देशों के नेता, भारत की बात को ध्यान से सुनेंगे। ऐसे में अगर कोई बड़ा देश है तो ये देश मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते हैं।

## रिपोर्ट में खुलासाः खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग

**ओटावा।** कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी समूहों सहित कई आतंकी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है।

कनाडा सरकार की '2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन' रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों

**कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की, राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही**

पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। रिपोर्ट में 'राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद' को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है।

## किम जोंग उन की वारिस ने खींचा दुनिया का ध्यान

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बेटी तेरह साल की हैं, लेकिन घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग में निपुण हैं।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग को लेकर लोगों में उत्सुकता रहती ही है, लेकिन चीन की वार्षिक सैन्य परेड में शी जिनपिंग और पुतिन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की नजर अगर उनकी इस बेटी पर जमी रही, इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार जरूर गर्म हो गया है। हाल ही में हुई चीन की 75वीं वार्षिक सैन्य परेड वैसे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत करीब 25 राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी की वजह से दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रही। लेकिन, परेड में शामिल होने आए किम जोंग के पीछे-पीछे चल रही एक किशोरी ने अनायास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। पता चला कि यह किशोरी किम जोंग उन की करीब तेरह वर्षीय बेटी किम जू ऐ हैं। रहस्यों से भरे उत्तर कोरियाई तानाशाह 'किम' परिवार के बारे में जानने की उत्सुकता तो हर किसी की रहती है, लेकिन फिलहाल लोग किम जू ऐ के बारे में जानना चाह रहे हैं और उनके बारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## इमरान खान ने सेना प्रमुख पर बोला हमला

### कहाः मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे, अघोषित मार्शल लॉ लागू

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर करारा हमला बोला है। उन्होंने जेल से कहा कि मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे हैं ताकि अपनी हुकूमत लंबे समय तक चला सकें। इमरान ने यह भी दावा किया कि इस समय देश पर अघोषित मार्शल ला थोप दिया गया है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनावों में धांधली करके शहबाज शरीफ की 'कठपुतली सरकार' बनाई गई। और अब आसिम मुनीर के इशारे पर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान ने कहा कि आज असीम मुनीर अपने शासन को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो



**इमरान ने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की**

रहा है। जिन लोगों (मुनीर एंड कंपनी) ने जनादेश चुराया है, वे डरे हुए हैं। इसी डर के कारण हमारे खिलाफ अत्याचार बढ़ रहा है। इमरान ने आगे कहा कि मुझे और मेरी बीवी बुशरा को 'एकांत कारावास' में रखकर ये लोग चाहते हैं कि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। मुझे तोड़ने की इन लोगों की योजना का असली उद्देश्य यह है कि मैं अपनी विचारधारा छोड़ दूं और जनता की आवाज दबा दी जाए। आगे उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की।

जब गृहयुद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था। इमरान खान ने कहा कि 1971 और आज के बीच एकमात्र अंतर यह है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया के जरिए सभी तथ्य और जानकारी जनता के सामने रहती हैं। साथ ही लोगों ने अत्याचार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीख लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही यह दमनकारी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। साथ ही, इमरान खान ने सरदार अताउल्लाह मेंगल की पुण्यतिथि के अवसर पर बलूचिस्तान में आयोजित एक रैली में हुए बम विस्फोट की भी कड़ी निंदा की।

## रूस ने इंटरनेट ब्लैकआउट बढ़ने पर नया 'सुपर-ऐप' किया लांच

**मॉस्को।** रूस के मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर द्वारा अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का लाखों रूसी नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है। ये प्रतिबंध रूस में सबसे लोकप्रिय मैसेजिग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं। बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14-30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमशः 9-7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है।

# फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा



**मुंबई।** रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीजन के लिए नई डिजाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, जिससे लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज अपना सकें। फ्रलाइट ने इस ऐलान के साथ ही एक जबरदस्त 360-डिग्री मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने के संदेश को सामने लाता है।

सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्रलाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्लाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है। सान्या मल्होत्रा ने कहा कि मुझे फ्रलाइट परिवार का हिस्सा बनकर सचमुच बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि यह ब्रांड उन सब बातों को दर्शाता है, जिन पर मैं भरोसा करती हूं, जैसे कि आत्मविश्वास, आराम और अपनी राह खुद चुनना। ब्रांड की टैगलाइन सर उठा कदम बढ़ा आगे बढ़ने के जज्बे और अपनी पहचान के साथ जीने की बात करता है। यही वो बातें हैं, जो मुंबई आने से लेकर अभिनेत्री बनने तक की मेरी अपनी यात्रा से गहराई से जुड़ती हैं।

**सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्लाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्रलाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है।**



# युवा दिलों की धड़कन 'सैयारा' ने पूरे किए 50 दिन

**मुंबई।** यशराज फिल्मस यानि वाईआरएफ के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा ने सिनेमाघरों में प्रदर्शन के 50 दिन पूरे कर लिए हैं। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्या की मुख्य भूमिका है। अहान और अनीता की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर भारतीय बाजार में 330 करोड़ की कमाई की है। फिल्म सैयारा के रिलीज के 50 दिन पूरे हो गए हैं। फिल्म सैयारा के 50 दिन पूरे होने की खुशी में अनीत पड्या और अहान पांडे ने कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज के साथ दोनों ने लिखा, आज उस फिल्म के 50 दिन पूरे हो गए हैं जिसने हमें दुनिया के सामने लाया और दुनिया को हमारे सामने। जो प्यार हमें मिला वो प्रकृति के इस नियम को सच साबित करता है कि अगर आप करिश्में में विश्वास रखते हैं, यदि आप उसे महसूस करते हैं, तो दुनिया भी इसे आप के साथ महससू करने लग जाती है। हमारे लिए यह एक ऐसा समय है जब हम बस अपनी आंखें बंद करते हैं और हमें सिर्फ आप ही नजर आते हैं। हमारी तरह फिल्म को बिना जज किए देखने के लिए शुक्रिया-हमें एक अवसर देने के लिए शुक्रिया। हमें यह एहसास दिलाने के लिए शुक्रिया कि ईमानदारी और प्यार दुनिया में किसी भी और चीज से ज्यादा पावरफुल होते हैं, यही एक ऐसी खूबसूरत चीज है जिसे हम आप लोगों के साथ आगे लेकर जाना चाहेंगे।

# कंतारा: चैप्टर 1 की दिखी दमदार झलक

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने अपनी आने वाली फिल्म कंता. रा: चैप्टर 1 से दमदार झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। होम्बले फिल्म्स की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक मानी जा रही है। कंतारा, वर्ष 2022 में प्रदर्शित हुई थी। यह फिल्म साल की सबसे सफल फिल्म बनने के साथ बॉक्स ऑफिस पर स्लीपर हिट बन गई। अब दर्शक बेसब्री से इसके प्रीक्वल को सिल्वर स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। मेकर्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कंतारा: चैप्टर 1 की एक झलक शेयर की है, जिसमें ऋषभ शेट्टी का इंटेंस अवतार देखने लायक है। इस पोस्ट के जरिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज में बचे सिर्फ 27 दिनों का काउंटडाउन शुरू कर दिया है और साथ ही एक दिलचस्प अपडेट आने की तरफ भी इशारा किया है, बीते समय की पवित्र गूंज 2 अक्टूबर 2025 को पूरी दुनिया में गूंजेगी। होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। होम्बले



फिल्म्स 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मेकर्स ने कंता. रा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें 500 से जडादा कुशल फाइटर्स और 3,000 लोग शामिल हैं। यह सीक्वेंस 25 एकड़ में फैले एक पूरे शहर में, ऊबड़-खाबड़ इलाके में 45-50 दिनों के दौरान फिल्माया गया था, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सीक्वेंसेज में से एक बनाता है।यह फिल्म 2 अक्टूबर को दुनिया भर में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी।

# सोनम ने ज़ोया ज्वैल्स के नए कलेक्शन में बिखेरा जलवा




**हैदराबाद।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली में जलवा बिखेर दिया। टाटा ग्रुप के लग्जरी ब्रांड घेया ने हैदराबाद में अपने प्रतिष्ठित व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली कलेक्शन का अनावरण किया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद रहे। ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने राहुल मिश्रा कूचर का शानदार गाउन पहना था और जोया के नवीनतम कलेक्शन के स्प्रिंग सांग चोकर और इयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बर्फ की शांति और सेबों की हरियाली की झलक लिए ए ज्वेल्स सोनम के ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारते नजर आए।

# मेधावी विमल ने जीता मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 अवार्ड

**नोएडा।** ग्रांड फिनाले मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 का आयोजन 12 जुलाई 2025 को द लीला एम्बीपेंश होटल गुरुग्राम में किया गया। इससे पूर्व हजारों की संख्या में ऑडिशन्स हुए, 1152 प्रतिभागियों जो कि इंडिया व विदेश से थे इस प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुए।

इनमें से डा. मेधावी विमल सिंह को उनकी ग्रेस कान्फिडेंस व पर्सनेलिटी के लिए मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 मेगनीफिसेंट पुरस्कार से नवाजा गया। डा. मेधावी विमल ने एमबीबीएस व एमडी की शिक्षा दिल्ली से प्राप्त की है। वह श्याम लाल विमल, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अनीता विमल जोकि एक कुशल होम मेकर हैं की पुत्री हैं। इनके पेरेंट्स वर्तमान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। इनकी शादी वर्ष 2019 में प्रशांत सिंह आईआरएसई अधिकारी के साथ हुई। इस समय वह चार साल की नितिशा की मां हैं। इनकी स्कूली शिक्षा उप्र से व उच्च शिक्षा दिल्ली से हुई है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ अहमदाबाद गुजरात में रहती हैं। यह प्रतिस्पर्धा शो ग्लेमर गुरुग्राम जिसके हेड मिसेज बरखा व अभिषेक हैं, द्वारा कराया गया।




# सीमा पाहवा से ट्रेनिंग ले रही हैं निर्मित कौर अहलूवालिया



**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने शिक्षक दिवस के मौके पर दिग्गज अभिनेत्री और निर्देशक सीमा पाहवा के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। निमृत इस समय सीमा पाहवा के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखार रही हैं। आने वाली एक अनटाइटल्ड फिल्म में, जिसे सीमा पाहवा निर्देशित कर रही हैं, निर्मित को उनसे सीखने और अभिनय की बारीकियों को समझने का मौका मिल रहा है।

अपने अनुभव साझा करते हुए निर्मित ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे सीमा पाहवा मैम के निर्देशन और मार्गदर्शन में काम करने का मौका मिला। वह न सिर्फ बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि एक शानदार टीचर भी हैं, जो अपने छात्रों से उनका बेस्ट निकलवाना जानती हैं। इस प्रोजेक्ट के दौरान मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा, चाहे वह किरदार की गहराई समझना हो, परफॉर्मेंस में ईमानदारी लाना हो, या फिर यह देखना कि वह हर सीन को कितनी गंभीरता और बारीकी से अप्रोच करती हैं। उन्होंने मेरी सोच को और गहरा किया है और मुझे बतौर आर्टिस्ट निखारा है।

सबसे खास बात जो मैंने उनसे सीखी है, वह यह कि वह आपको अपनी सच्चाई खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, न कि केवल उनके बताए अनुसार चलने के लिए। मेरे लिए सीमा मैम सिर्फ डायरेक्टर या मेंटर नहीं बल्कि एक प्रेरणा और मार्गदर्शक हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर मैं दिल से उनका धन्यवाद करना चाहती हूं कि वह मेरी इस यात्रा का इतना अहम हिस्सा बनीं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108